# सब का सपना

Tittle Code :-UPHIN 51223

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र






वर्ष–01 अंक–05 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार, 27 नवंबर से 03 दिसंबर 2023 पेज–08 मूल्य 5 रूपये

जरूर पढ़ें

## पाकिस्तानी राष्ट्रपति आरिफ अल्वी की कुर्सी पर मंडराया खतरा

**पाकिस्तान** के राष्ट्रपित आरिफ अल्वी नई मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। उन्हें राष्ट्रपति पद से हटाने के लिए पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इस याचिका में राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को ''कदाचार'' और अपने कर्तव्यों के पालन में निष्पक्षता बनाए रखने में विफलता के लिए राष्ट्राध्यक्ष के पद से हटाने का अनुरोध किया गया है। रविवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रपति अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाने से बच रहे हैं। ''राष्ट्रपति ने संविधान का उल्लंघन किया है और घोर कदाचार किया है, इसलिए, वह राष्ट्रपति के रूप में अपने कर्तव्यों को जारी रखने के योग्य नहीं हैं और यह घोषित करने की आवश्यकता है कि उन्हें पाकिस्तान के राष्ट्रपति के पद पर बरकरार नहीं रहना चाहिए।

## ईरान में सन बोरान की चोटियो पर हुआ भारी हिमस्खलन

**ईरान :** पश्चिमी ईरान में 5 पर्वतारोही सन बोरान की चोटियों को फतह करने पहुंचे। मगर उन्हें भला क्या पता था कि यही उनका आखिरी सफर होगा। सन बोरान की दुर्गम चोटियों पर अचानक आए बर्फीले तूफान से हाहाकार मच गया। हिमस्खलन की चपेट में आने से पांचों पर्वतारोहियों की मौत हो गई और चार अन्य ज़ख्मी हो गए। सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी।सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' की खबर के मुताबिक, बचावकर्मियों ने राजधानी तेहरान से करीब 300 किलोमीटर दूर सन बोरान चोटी से पांच पर्वतारोहियों के शव बरामद कर लिए हैं।

# उत्तरकाशी में सेना चलाएगी बचाव अभियान

## उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूर

नई दिल्ली, एजेंसियां

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को आज 15वां दिन है. इन 15 दिनों में मजदूरों को बाहर निकालने की तमाम कोशिशें हुई है लेकिन हर कोई कोशिश कुछ ही दिनों बार नाकाम हो जाती है. ऑगर मशीन से सुरंग में ड्रिलिंग कर मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिशों को शुक्रवार शाम को तब बड़ा झटका लगा जब मशीन मलबे में ड्रिलिंग के दौरान सरियों से टकराकर टूट गई. इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन को रोकना पड़ा. अब मजदूरों को बाहर निकालने के लिए एक नई प्लाज्मा कटर मशीन मंगाई गई है. ये मशीन हैदराबाद से उत्तरकाशी पहुंच गई है.



प्लाज्मा कटर मशीन ने टनल की ड्रिलिंग के दौरान टूट चुकी ऑगर मशीन को काटकर बाहर निकाला जाएगा. उसे बाद ही रेस्क्यू ऑपरेशन को दोबारा शुरू किया जा सकेगा. ऑगर मशीन के टूटे हिस्से को निकालने में काफी समय लगेगा. ऐसा माना जा रहा है कि मशीन के मलबे को बाहर निकाल लिया जाता है तो अगरे 12–14 घंटों में बचाव अभियान को फिर से शुरू किया जाएगा.

वहीं दूसरी ओर अब 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए हाथ से मलबा निकालकर ड्रिलिंग का काम शुरू किया जाएगा. जिसमें पाइप डालकर मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिश की जाएगी. इस काम के लिए भारतीय सेना की 'कोर ऑफ इंजीनियर्स' के समूह 'मद्रास सैपर्स' की एक इकाई को सिलक्यारा बुलाया गया है. जो रविवार को घटनास्थल पर पहुंच गई है. इस इकाई में 20 जवान शामिल हैं. जो स्थानीय लोगों की मदद से सुरंग में रास्ता बनाएंगे. जानकारी के मुताबिक, इस दौरान जवान और स्थानीय लोग हाथों और छेनी हथौड़ा और अन्य औजारों से मिट्टी खोदकर रास्ता बनाने का काम करेंगे. उसके बाद ऑगर मशीन के ही प्लेटफार्म से पाइप को आगे धकेला जाएगा.

### रात मलबे में फंस गई थी ऑगर मशीन

सिलक्यारा टनल में रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी ऑगर मशीन के ब्लेड शुक्रवार रात मलबे में फंस गए थे, जिसके बाद अधिकारियों को अन्य विकल्पों पर विचार करना पड़ा, जिसके बाद कहा गया कि बचाव अभियान में कई दिन और सप्ताह लग सकता है. हालांकि कई बचाव एजेंसियों ने पहाड़ के ऊपर से 86 मीटर नीचे ड्रिलिंग का का प्लान बनाया. हालांकि ऊपर से ड्रिलिंग करना बेहद घातक साबित हो सकता है, इसलिए इस पर अमल करना बेहद मुश्किल है.

# पीएम नरेंद्र मोदी ने लड़ाकू विमान तेजस में भरी उड़ान

बेंगलुरू एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेंगलुरू पहुंचे हैं। यहां उन्होंने लाइट वेट लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी है। बता दें कि पीएम मोदी बेंगलूरू में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की फैसिलिटी दौरे पर गए थे। इस बाबत पीएमओ की तरफ से सूचना भी दी गई थी। बता दें कि हल्के लड़ाकू विमान तेजस स्वदेशी है। बता दें कि तेजस लड़ाकू विमान को खरीदने में कई देशों ने रूची दिखाई है। अमेरिकी रक्षा दिग्गज जीई एयरोस्पेस ने पीएम मोदी की यात्रा के दौरान एमके–2–तेजस के लिए संयुक्त रूप से इंजन उत्पादन करने के लिए एचएएल के साथ एक डील भी किया था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उड़ान की तस्वीरों को भी साझा किया है। इन तस्वीरों में पीएम मोदी एयरफोर्स पाइलट की वर्दी में दिख रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने ट्वीट कर लिखा, 'मैं आज तेजस में उड़ान भरते हुए अत्यंत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमारी मेहनत और लगन के कारण हम आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में विश्व में किसी से कम नहीं हैं। भारतीय वायुसेना के साथ ही समस्त भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।' इस साल अप्रैल महीने में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत का रक्षा निर्यात 15,920 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर तक पहुंच गया है।

### तेजस की क्या है खासियत?

तेजस की खासियतों की बात करें तो तेजस एक स्वदेशी लाइट कॉम्बैट लड़ाकू विमान है। यह सालभर किसी भी मौसम में उड़ान भरने में सक्षम है। इस विमान में दो पायलट सीट है। इसे छाळ यानी लीड–इन फाइटर ट्रेनर कहते हैं। इस एयरक्राफ्ट को ग्राउंड अटैक एयरक्राफ्ट भी कहते हैं। क्योंकि जरूरत पड़ने पर इससे हमला बी किया जा सकता है।

## पीएम मोदी ने 26/11 के शहीदो को किया नमन

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (रविवार) देश को मन की बात रेडियो कार्यक्रम के जरिए संबोधित कर रहे हैं. पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम का ये 107वां एपिसोड है. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले 26/11 मुंबई हमले के शहीदों को नमन किया. इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोकल फॉर लोकल के बारे में भी बात की. बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर महीने के आखिरी रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित करते हैं.

प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल पेमेंट पर कहा कि त्योहारों के इस मौसम में एक नया ट्रेंड देखने को मिला है. ये लगातार दूसरा साल है जब दिवाली के अवसर पर कैश देकर सामान खरीदने का प्रचलन धीरे–धीरे कम होता जा रहा है.

मुंबई आतंकी हमले को 15 साल हो गए हैं

# वो आतंकी हमला जिससे सिहर उठी थी मुंबई



नई दिल्ली, एजेंसियां

26 नवंबर 2008... ये दिन शायद ही कोई भूल सकता है। इस दिन सिर्फ मुंबई ही नहीं बल्कि पूरा देश आतंकी हमले से सिहर गया था। इस दिन 10 आतंकी पाकिस्तान से आए और मुंबई के हिस्से में गोलियों और बमों की बरसात कर दी है। इस हमले में कुल 166 लोगों की मौत हो गई थी। आतंकियों ने मुंबई के ताज और ट्राइडेंट होटल के साथ ही छत्रपति शिवाजी टर्मिनस पर हमला किया था। आज इस हमले के 15 साल हो गए हैं।

आज भी इस हमले को याद कर मुंबई ही नहीं पूरे देश की आखें गमगीन हो जाती हैं। आतंकियों के साथ पुलिस की ये मुठभेड़ 3 दिन तक चली थी जिसके बाद अजमल आमिर कसाब नाम के एक आतंकी को जिंदा पकड़ा गया था।

इन जगहों को बनाया था निशाना

पाकिस्तान से समुद्र के रास्ते होते हुए 10 आतंकी मुंबई आए थे और उन्होंने मुंबई की शान ताज होटल समेत कई और ठिकानों पर हमला कर दिया। आतंकियों ने इस हमले में ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट होटल और नरीमन हाउस जैसी जगहों को निशाना बनाया था। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इतना ही नहीं आतंकियों ने छत्रपति शिवाजी टर्मिनल रेलवे स्टेशन को भी अपना निशाना बनाया था और 4 आतंकियों ने अ़क–47 से लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी थी। इस आतंकी हमले से 3 दिनों तक मुंबई की रफ्तार थम गई थी।

हॉस्पिटल में भी किया था हमला

आतंकी अजमल कसाब के साथ एक आतंकी सीएसएमटी स्टेशन से निकलकर कामा अस्पताल में घुसा था, जिसके बाद उन्होंने करीब 5 घंटे तक इस अस्पताल में कोहराम मचा था। इस पूरे हंगामे में हॉस्पिटल के 2 चौकीदार शहीद हो गए थे और साथ ही कई कर्मचारी भी घायल हो गए थे। फिर मुंबई पुलिस और सेना ने आतंकियों के खिलाफ एक ऑपरेशन शुरू किया था, जो कि 3 दिनों तक चला। इस ऑपरेशन में ठरं कमांडो भी शामिल थे। तीन दिन तक चले इस ऑपरेशन में सभी आतंकियों को मार गिराया गया और एक अजमल आमिर कसाब को जिंदा पकड़ लिया गया था। फिर साल 2012 में कसाब को फांसी दे दी गई थी।

# भारतीय मूल के लड़के ने स्वीडन में जीता स्वर्णपदक

योग में भारत का दबदबा पूरी दुनिया में यूं ही नहीं है, बल्कि इसके लिए देश के तमाम ऋषि–मुनियो ने अपना पूरा जीवन न्यौछावर किया है। अब देश का बच्चा–बच्चा इस योग परंपरा को पूरी दुनिया में पहुंचा रहा है। भारतीय मूल के एक ऐसे ही बच्चे ने सिर्फ 13 वर्ष की उम्र में स्वीडन में योग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर भारत की प्रतिभा का एहसास कराया है। दक्षिण पूर्व इंग्लैंड में रहने वाले भारतीय मूल के ईश्वर शर्मा ने स्वीडन में आयोजित 'यूरोपियन योग स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप' में स्वर्ण पदक जीतकर एक और खिताब अपने नाम किया है। योग प्रतिभा के धनी ईश्वर इससे पहले कई पुरस्कार हासिल कर चुके हैं। केन्ट के सेवनओक्स में रहने वाले ईश्वर ने 3 साल की उम्र से योग करना शुरू किया था। ईश्वर ने अपने पिता को रोजाना योग करते हुए देखा, जिसके बाद उन्होंने इसका अभ्यास करना शुरू किया और अब तक वह कई पुरस्कार जीत चुके हैं।



# गाली–गलौच से तंग आकर यूट्यूबर ने किया सुसाइड

उज्जैन , एजेंसी

मध्य प्रदेश के उज्जैन के एक 16 साल के लड़के ने अपने इंस्टाग्राम ट्रांजिशन रील्स पर नफरत भरी कमेंट्स का सामना करने के बाद मंगलवार को आत्महत्या कर लिया. रिपोर्ट के अनुसार, प्रियांशु यादव नाम के ये नाबालिग 21 नवंबर को अपनी मां के दुपट्टे से फांसी लगा कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया. लड़का एक सोशल मीडिया इंफ्लोएंसर था जो मेकअप और ब्यूटी पर पोस्ट करता था. दिवाली पर उसने साड़ी में इंस्टाग्राम पर एक ट्रांजिशन रील्स अपलोड की, जिस पर कई तरह की नफरत भरी कमेंट्स आएं. इन कमेंट्स को पढ़कर डिप्रेशन में चला गया.



जांच अधिकारियों ने उसका फोन जब्त कर लिया है, और उसके इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और फेसबुक अकाउंट से विवरण प्राप्त किया गया है. जानकारी के मुताबिक, पुलिस स्टेशन प्रभारी ने कहा कि आत्महत्या के पीछे अभी तक कोई ठोस आधार स्थापित नहीं हुआ है. यह घटना नागझिरी पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत आती है, जो ट्रोलिंग और नाबालिग की मौत के बीच संबंध की भी जांच कर रही है.

पुलिस उसके इंस्टाग्राम रील्स पर कमेंट्स और अन्य संबंधित सबूतों की भी जांच कर रही है जो उन्हें जांच पूरी करने में सहायता कर सकते हैं. पुलिस अधिकारी का कहना है कि कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि सोशल मीडिया के इंफ्लूएंसर को क्रॉस–ड्रेसिंग के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धमकाया गया था और उसे कुछ होमोफोबिक गालियों से भी चिढ़ाया गया था, जिससे वह अवसाद में आ गया, जिसने आखिर में अपना जीवन समाप्त करने के लिए प्रेरित किया. एक इंटरव्यू में, मृतक की मां ने कहा कि लड़के ने ट्यूशन से छुट्टी ले ली क्योंकि वह परीक्षा के लिए पढ़ना चाहता था. मां ने कहा, मैंने उससे सुबह 10 बजे बात की थी और कभी नहीं सोचा था कि यह प्रांशु के साथ मेरी आखिरी बातचीत होगी. मां ने कहा कि पिछले साल नाबालिग उनके सामने समलैंगिक बनकर आया और उसने विनम्रता से कहा, मम्मा मैं लड़कियों और लड़कों दोनों के एट्रेक्ट्रक्शन महसूस करता हूं.

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाले कमेंट्स?

मेड इन हेवन वेब सीरीज के अभिनेता त्रिनेत्र हलदर गुम्माराजू ने सोशल मीडिया इफ्लूएंसर की मौत पर एक पोस्ट शेयर की और आरोप लगाया कि उनका टिप्पणी अनुभाग 4,000 से अधिक होमोफोबिक टिप्पणियों से भरा हुआ था, जो कथित तौर पर उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाते थे

अनुमान है कि अगले तीन दिनो में दिल्ली का तापमान तेजी से नीचे गिरेगा

# पूरे उत्तर भारत में बढ़ेगी ठंड, हल्की बारिश के आसार

नई दिल्लीः एजेंसी

**नई दिल्लीः** दिल्ली सहित आस–पास के इलाकों के मौसम में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। पूरे उत्तर भारत के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं अनुमान है कि अगले तीन दिनों में दिल्ली का तापमान तेजी से नीचे गिरेगा और यहां ठंड बढ़ेगी। इसके साथ ही मौसम विभाग ने बारिश के भी आसार जताए हैं। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि बारिश की वजह से ठंड बढ़ने की उम्मीद और भी ज्यादा है। अगर आप भी दिल्ली–एनसीआर या आस–पास के किसी इलाके में रहते हैं तो अब अपने सर्दियों के कपड़े निकाल लीजिए। क्योंकि सर्दियों का मौसम अब शुरू है और किसी भी तरह की लापरवाही आपको परेशान और बीमार बना सकती है।



बता दें कि अब दिल्ली के मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। रात के समय में दिल्ली के इलाके में ओस पड़नी शुरू हो गई है। शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली का अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम ही दर्ज किया गया है। वहीं अब आने वाले दो से तीन दिनों के भीतर दिल्ली के तापमान में और भी अधिक गिरावट दर्ज की जाएगी।

वहीं मौसम विभाग का कहना है कि रविवार यानी आज दिन भर आसमान में बादलों की आवाजाही लगी रहेगी। रविवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के आस–पास होने की अनुमान है। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली और आस–पास के इलाकों में हल्की बारिश की भी संभावना है। मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 दिसंबर तक ऐसे ही बादल घिरे रहेंगे और कुछ जगहों पर हल्की बारिश होगी। वहीं 28 दिसंबर के बाद मौसम साफ होगा। साथ ही हल्की बारिश से मौसम और भी अधिक सर्द होने की संभावना है। मुंबई, ठाणे और आस–पास के इलाकों में सुबह से हल्की बरसात जारी है। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक बारिश का अलर्ट दिया है। वहीं इस बरसात के चलते वायु प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। बता दें कि बरसात के चलते मध्य रेलवे की डाउन साइड ट्रेनें देरी से चल रही हैं। अधिकतर ट्रेनें आधे घंटे की देरी से हैं।

# भारतराष्ट्रीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कार एक्सीडेंट में बचाई लोगों की जान

**नैनीतालः** भारतीय क्रिकेट टीम के धाकड़ गेंदबाज मोहम्मद शमी काफी चर्चा में है। एक तो उन्होंने वर्ल्डकप में शानदार प्रदर्शन किया है, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने कार एक्सीडेंट के बाद लोगों की जान भी बचाई है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसका वीडियो भी शेयर किया है और लिखा है कि मैं किसी की जान बचाकर बहुत खुश हूं।

शमी ने लिखा, 'वह बहुत भाग्यशाली है, भगवान ने उसे दूसरा जीवन दिया। उनकी कार मेरे सामने नैनीताल के पास पहाड़ी वाली सड़क से नीचे गिर गई। हमने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया।' वीडियो में देखा जा सकता है कि शमी घायल शख्स के हाथ में पट्टी बांध रहे हैं। शमी ने व्हाइट कलर के कपड़े और रेड कलर की टोपी पहन रखी थी। इस दौरान मौके पर कई लोग खड़े थे और एक सफेद रंग की कार एक पेड़ से टकराई हुई भी दिखाई दे रही है।



वर्ल्डकप में किया धमाकेदार परफॉरमेंस

शमी ने हालही में हुए वर्ल्डकप में धमाकेदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने सबसे ज्यादा 24 विकेट लिए। वर्ल्डकप के खत्म होने के बाद वह छुट्टियों पर निकले हैं। नैनीताल जाते समय ही शमी ने इस कार एक्सीडेंट को देखा और फिर मदद के लिए आगे आए।

# अभी पटरी पर नहीं चढ़ा ट्रेनों का संचालन



**मुरादाबाद :** अंबाला मंडल में चल रहा किसान आंदोलन समाप्त हो गया, लेकिन इसके बावजूद भी ट्रेनों का संचालन पटरी पर नहीं चढ़ रहा है। मौसम में ठंड का अहसास होने लगा। कोहरा भी आने लगा। जिसका असर ट्रेनों के संचालन पर पड़ रहा है। ठंड के चलते आए दिन ट्रेन विलंब से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार को जम्मूतवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 19 घंटा विलंबित रही। आए दिन अधिकांश ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं।

जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। इसके अलावा सात ट्रेन भी देरी से चलीं। जिससे लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में विलंब हुआ है। पूछताछ केंद्र पर ट्रेनों की जानकारी को यात्रियों की भीड़ लगी रही।

रविवार को अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस 1 घंटा 58 मिनट, खटिपुरा स्पेशल 1 घंटा, आनंद विहार टर्मिनल जन साधारण एक्सप्रेस 6 घंटा 11 मिनट, जम्मूतवी एक्सप्रेस 1 घंटा 25 मिनट, हिमगिरी एक्सप्रेस 8 घंटा 15 मिनट, हावड़ा–अमृतसर एक्सप्रेस 1 घंटा 54 मिनट विलंबित रही। जिससे यात्रियों को ठंड में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्रियों को घंटों स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा।इसके अलावा सात ट्रेन भी देरी से चलीं। जिससे लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में विलंब हुआ है। पूछताछ केंद्र पर ट्रेनों की जानकारी को यात्रियों की भीड़ लगी रही।

## संभलः मुठभेड़ के बाद दो गो तस्कर गिरफ्तार

**संभल/चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गुमथल मार्ग पर पुलिस व गो तस्करों की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो गो तस्कर घायल हो गए, जबकि उनके दो साथी भागने में सफल रहे। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। दोनों गो तस्करों ने थाना क्षेत्र के गांव जनेटा के तालाब में गोवंशीय पशुओं के अवशेष डालने का जुर्म कबूल किया है। दोनों गो तस्करों के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

सोमवार की रात करीब साढ़े 12 बजे थाना बनियाठेर के प्रभारी राकेश कुमार पुलिस बल के साथ गश्त कर रहे थे। गुमथल मार्ग पर जाते समय उन्हें बाईपास के नीचे दो बाइकों पर चार लोग जाते दिखाई दिए। पुलिस ने बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया। उन्होंने पुलिस पर तमंचे से फायरिंग करनी शुरू कर दी।पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इसमें एक बाइक पर सवार दो आरोपी पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। दो साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए।

### संक्षेप खबरें

## पत्नी की जला कर हत्या के मामले में आरोपी पति को सात वर्ष का कारावास



**संभल/चन्दौसी।** अदालत ने दहेज हत्या के मामले में पति को सात वर्ष के कारावास व छह हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। घटना थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव खनुपुरा में सात जून 2021 को हुई थी। मुकदमे की सुनवाई न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (रेप केसेस एंड पॉक्सो एक्ट) में हुई।बहजोई थाना क्षेत्र के गांव चाटन निवासी भूरे ने आठ जून 2021 को कुढ़फतेहगढ़ पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें बताया था कि उसने अपनी बेटी ब्रजेश कुमारी की शादी करीब एक वर्ष पूर्व विकास पुत्र सत्यवीर निवासी गांव खनुपुरा थाना कुढ़फतेहगढ़ से की थी। शादी के बाद से ही पति विकास, ससुर सत्यवीर व सास सर्वेश बेटी के साथ मारपीट करते थे। उसने सामर्थ्य के अनुसार मदद भी की लेकिन ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए। दहेज को लेकर आरोपियों ने सात जून की सुबह छह बजे ब्रजेश कुमारी पर मिट्टी का तेल छिड़क कर जिंदा जला दिया। सूचना पर वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचा तो कमरे में बेटी का जला हुआ शव पड़ा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज कर तहरीर के आधार पर पति विकास, ससुर सत्यवीर व सास सर्वेश निवासी गण गांव खनुपुरा थाना कुढ़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना आरंभ कर दी और साक्ष्य जुटा कर आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया।

## बिजली चोरी के 35 मामले निपटे, 6.50 लाख का जुर्माना किया जमा



**संभल।** मुख्य बिजलीघर के एंटी थेफ्ट थाना पर बिजली चोरी के मामलों के निस्तारण को कैंप लगा। सुबह से शाम तक अधिकारियों की मौजूदगी में 35 मामले निपटे। सरचार्ज में छूट का लाभ लेते हुए लोगों ने करीब 6.50 लाख रुपये का जुर्माना जमा किया।

एंटी थेफ्ट थाना पर शुक्रवार को सुबह शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें बिजली चोरी के मामलों में जुर्माना जमा करने के लिए सुबह से ही लोग पहुंचे। बिजली विभाग के अधिकारियों ने सरचार्ज में छूट देते हुए मामलों का निस्तारण कराया तो लोगों ने राहत की सांस ली। दोपहर में अधीक्षण अभियंता एके सिंह ने भी कैंप में पहुंचकर अधीनस्थ अधिकारियों से जानकारी ली। बताया गया कि कैंप में बिजली चोरी के 35 मामलों का निस्तारण हुआ। लोगों ने करीब 6.50 लाख रुपये का जुर्माना जमा किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता डीके गुप्ता, एसडीओ प्रथम यशपाल सिंह, सहायक अभियंता राजस्व श्याम मिलन यादव, कार्यकारी सहायक प्रवीण कुमार, कार्यकारी सहायक हिमांशु चाहल, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में किशोर की मौत, चचेरा भाई घायल



**संभल,।** नखासा थाना क्षेत्र में बाइकों की भिड़ंत में किशोर की मौत हो गई। जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किशोर को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया। वहीं हादसे के बाद दूसरी बाइक लेकर चालक भाग गया।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव पंसुखा मिलक निवासी आफताब का बेटा अफजल (15 वर्ष) गुरुवार को दोपहर एक बजे चचेरे भाई बुरहान के साथ बाइक से संभल से घर जा रहा था। संभल–हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में अफजल और बुरहान घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकठ्ठा हुए, तब तक दूसरी बाइक लेकर चालक भाग गया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अफजल व बुरहान को जिला अस्पताल लाए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीर घायल अफजल और बुरहान को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

परिजनों ने घायल बुरहान को चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया और अफजल को इलाज के लिए मुरादाबाद लेकर पहुंचे। वहां अस्पताल में पहुंचते ही अफजल की मौत हो गई। थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि अफजल की मुरादाबाद में मौत होने की सूचना मिली है।

परिजन वहीं से शव लेकर घर चले गए हैं। परिजनों की शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी।घायल किशोर को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया। वहीं हादसे के बाद दूसरी बाइक लेकर चालक भाग गया।

## गणित के सवाल पर बच्चे गोल, शिक्षकों का डीएम ने रोका वेतन



मुरादाबाद : जिलाधिकारी ने शनिवार को मूंढापांडे विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय डिलरा रायपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 4 में बच्चों से गणित के सवाल लिए, जिस पर बच्चे गोल हो गए। किसी ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। शैक्षणिक गुणवत्ता का स्तर खराब मिला। जिलाधिकारी ने विद्यालय के सभी शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश दिया।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय डिलरा रायपुर में शैक्षणिक गुणवत्ता पर हैरत जताई। कहा कि जब तक पढ़ाई का स्तर सुधर न जाए शिक्षकों को वेतन नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने विद्यालय परिसर में बने दो आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें एक खुला और दूसरा बंद था। बंद आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री कविता से स्पष्टीकरण मांगा और मानदेय भुगतान रोक दिया। स्कूल में 8 शिक्षकों में से 2 अनुपस्थित मिले। जिस पर दोनों का वेतन रोकने के लिए कहा।

रसोईघर में खाने की गुणवत्ता चेक की। यहां मेन्यू के अनुसार सोयाबीन और चावल बनना था, लेकिन सब्जी केवल आलू की बनी थी। गुणवत्ता खराब होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। प्राथमिक विद्यालय अक्का डिलारी में 88 बच्चों पर 6 शिक्षक कार्यरत होने की जानकारी मिली। प्रधानाचार्य इशरत बानो अनुपस्थित थीं।

पढ़ाई का कोई माहौल नहीं मिलने, मध्याह्न भोजन अधोमानक पाए जाने पर प्रधानाध्यापिका को निलम्बित करने का आदेश दिया। कक्षा–3 में बच्चों से किताब पढ़वाई तो वह नहीं पढ़ पाए। जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों का वेतन रोक दिया। प्राथमिक विद्यालय चमरौआ में प्रधानाचार्य अनुपस्थित मिलीं। पढ़ाई का स्तर बेहद खराब मिला। पानी की टोंटियां भी टूटी थीं।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड मूंढापांडे में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। थाना दिवस में उपजिलाधिकारी सदर अनुपस्थित रहे। डीएम ने नाराजगी जताई। थाना प्रभारी से कहा कि दोनों पक्षों को थाने में बुलाकर समझा–बुझाकर प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराएं। थाना समाधान दिवस में अधिकांश मामले चकबंदी के आए। नये चक पर कब्जे की शिकायत थी। लेकिन बगैर किसी आदेश के राजस्व कर्मी कब्जा नहीं दिला सकते हैं। इसलिए ऐसे प्रकरण चकबंदी के अधिकारियों को संदर्भित करने का निर्देश दिया। कहा कि चकबंदी अधिकारियों का दायित्व है कि शिकायतकर्ता को कब्जामुक्त सुनिश्चित कराएं। चकबंदी के मामलों का निस्तारण करने के लिए विभाग की एक टीम गठित करने के लिए कहा।

## संभल : किसानों ने जलाई गन्ने की होली, किया प्रदर्शन

**संभल।** भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने गन्ने का भाव 450 रुपए प्रति कुंतल करने की मांग को लेकर ग्राम भदरौला में पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी व युवा मंडल महासचिव चौधरी अर्जुन सिंह के नेतृत्व में गन्ने की होली जलाई गई।

इस दौरान प्रदर्शन करते हुए किसानों ने कहा कि स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार रेट घोषित किया जाना चाहिए जो कि 500 रुपये प्रति कुंतल बैठता है। कहा गया कि चीनी मिल चालू हुए तीन सप्ताह से अधिक का समय हो गया लेकिन अभी तक गन्ना मूल्य का निर्धारण नहीं किया गया।

## मुडेढ़ लाख से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग, पांच टीबी संक्रमित मिले



लक्षणों के आधार पर संदिग्ध टीबी रोगियों की पहचान कर उनके बलगम की जांच कर रही है। टीबी की पुष्टि होने पर 48 घंटे में रोगी के घर पर उपचार प्रदान कर रही है।

**मुरादाबाद ।** सक्रिय क्षय रोग खोजी अभियान की टीमें घर–घर जाकर कुंडी खटखटा रही है। लक्षणों के आधार पर संदिग्ध टीबी रोगियों की पहचान कर उनके बलगम की जांच कर रही है। टीबी की पुष्टि होने पर 48 घंटे में रोगी के घर पर उपचार प्रदान कर रही हैं। दो दिनों में डेढ़ लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग हुई। जिसमें टीबी संक्रमित मिले।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एन के कुरैचया ने बताया कि जिले में टीबी रोगी सक्रिय अभियान में लक्षणों के आधार पर 1,58,235 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 1,382 संदिग्ध पाए। इसमें से 441 लोगों का बलगम का टेस्ट किया गया। जिसमें सात टीबी के मरीजों की पुष्टि हुई। इसमें एक का उपचार शुरू कर दिया गया है। बाकि को आगामी 48 घंटे के भीतर उपचार किया जाएगा।

डीपीसी डॉ. मुहम्मद जावेद ने बताया कि 335 टीम लगाई गई है। दो दिनों में 1735 स्थानों पर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग की है। बैनर पोस्टर और होर्डिंग लगा कर टीबी के लक्षण लोगों को बताए जा रहे है ताकि प्रारंभिक अवस्था में ही टीबी रोग की पहचान की जा सके। और टीबी से ग्रस्त रोगी अन्य स्वस्थ लोगों में टीबी का जीवाणु न फैल सके। जो टीबी ग्रस्त हैं उनको उपचार सुगमता से उपलब्ध कराया जाए और पोलियो की तरह टीबी को भी जड़ से समाप्त किया का सके।

## तिजोरी में बंद होगी रोटी, बंदूक का रहेगा पहरा : राकेश टिकैत

**संभल/चन्दौसी।** आने वाले समय में रोटी तिजोरी में बंद होगी। उस पर बंदूक का पहरा रहेगा। ताले में बंद रोटी और भूख के आधार पर देश में रोटी की कीमतें तय होगी।

यह बात भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने प्रेस वार्ता में कही। वह बदायूं महापंचायत को संबोधित करने जाते समय प्रगति विहार में भाकियू के प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह के आवास पर प्रेस से वार्ता कर रहे थे। पंचायतों का दौर चल रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए क्या रणनीति होगी। इस पर उन्होंने कहा कि चुनाव से उनका कोई संबंध नहीं है। न ही वह चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव राजनीतिक पार्टियां लड़ेंगी। सरकार की गलत नीति का विरोध अवश्य करेंगे।

कृषि बिल खत्म हो गया या फिर कुछ सस्पेंस बाकी है। इस पर कहा कि कानून तो वापस हो गए, लेकिन दूसरे उसी तरह के अनऑफिशियल कानून जरूर आ रहे हैं। जैसे बिहार में बाजार समिति नहीं है। इससे किसान धान 800 से 1200 रुपये प्रति क्विंटल में बेच रहे हैं। वहां का व्यापारी किसान बन कर यहां धान ऊंचे दामों में बेच रहा है। किसान को अच्छा भाव नहीं मिल रहा है और व्यापारियों ने पूरे देश के किसानों को लूट लिया है। कहा कि फूड्स सिक्योरिटी पर बड़े उद्योग घरानों का कब्जा हो गया है। वह तो संघर्ष कर सकते है, अपनी बात रख सकते हैं। मामला बिहार का हो, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश या छत्तीसगढ़ का हो। सभी जगह सरकारें अलग–अलग हैं। कहा कि तेलंगाना वाली पॉलिसी यहां लागू हो जाए तो किसानों का कुछ भला हो सकता है। वहां प्रति एकड़ 10,000 रुपये किसान को मिलते हैं। यहां किसान को एक साल में 6000 रुपये है। यहां किसान को फसल के दाम नहीं मिलते।उन्होंने छुट्टा पशुओं को बड़ी समस्या बताया। सरकार घोषणा पत्र में कहती है कि हमारी सरकार आयी तो किसानों को फ्री बिजली देंगे,लेकिन ऐसा हो नहीं रहा। सरकारें गांव की अर्थ व्यवस्था को खत्म करना चाहती हैं। किसानों की जमीन छीनना चाहती हैं। सरकारें किसानों को उनकी फसल का दाम सही दें। देश को आंदोलन बचाएगा।





## कांग्रेस कार्यालय पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं व दलित नेताओं को किया सम्मानित



कांग्रेस के गंज गुरहट्टी स्थित जिला कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ अधिवक्ताओं और वरिष्ठ दलित नेताओ को जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने माला पहनाकर सम्मान किया।

**मुरादाबाद :** संविधान दिवस पर रविवार को कांग्रेस के गंज गुरहट्टी स्थित जिला कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ अधिवक्ताओं और वरिष्ठ दलित नेताओं को जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने माला पहनाकर सम्मान किया।

जिलाध्यक्ष ने अमीरुल हसन जफर अधिवक्तता अध्यक्ष पूर्व जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी, श्याम सरन एडवोकेट, अरशद परवेज एडवोकेट और दलित नेता श्याम बाबू वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, मंगल सेन ,राजेंद्र वाल्मीकि, डॉ. नरेश माला पहनाकर स्वागत किया। सबको संविधान की सुरक्षा करने की शपथ दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारा भारतीय संविधान दुनिया में सबसे श्रेष्ठ है।

दुनिया के सभी धर्म का सम्मान करता है।आज ही के दिन बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने संसद में संविधान पारित कराया था। भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने सम्मान के बाद उदेशिका पढ़ने के बाद संविधान सुरक्षा की शपथ ली। संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में अनूप दुबे, हाजी अकरम, मौअजम अली, मोहम्मद नाजिम, शहजाद खान, कामिल मंसूरी, शरीफ आजाद, असलम कादरी, परवेज अली, सलमान, नदीम अहमद, सिकंदर, अफाक अंसारी, सुरेश चंद्र सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# जर्नलिस्ट सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस में 15 साल बाद इंसाफ

**नई दिल्लीः** दिल्ली से शनिवार को बड़ी खबर आई है। यहां कोर्ट ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में चार दोषियों को दोहरी उम्रकैद की सजा का फैसला दिया है। हालांकि इस हत्याकांड का पांचवां आरोपी जल्द ही बाहर आने वाला है, क्योंकि अदालत ने उसे सिर्फ 3 साल की कैद की सजा दी है और अब उसके जेल में बीते वक्त को सजा पूरी होने के रूप में देखते हुए उसे रिहा कर दिया जाएगा। दूसरी ओर इस मामले में 15 साल बाद हुए इस इंसाफ को लेकर मरहूम सौम्या की मां ने बड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वह अदालत के फैसले से सहमत है, लेकिन खुश नहीं है।






**30 सितंबर 2008 को की गई थी हत्याः** हत्या की यह वारदात 30 सितंबर 2008 की सुबह दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर अंजाम दी गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार एक अंग्रेजी टीवी चैनल में काम करती सौम्या विश्वनाथन उस रात जब ड्यूटी से लौट रही थी तो बदमाशों ने कार को लूटने के लिए उसका पीछा किया और फिर गोली मार दी। पुलिस जांच में इस वारदात को अंजाम देने के आरोपियों की पहचान रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक, अजय कुमार और अजय सेठी के रूप में हुई थी।

**चार हत्या के दोषी तो पांचवां मदद करने में**

ट्रायल में लगभग एक महीना पहले 18 अक्टूबर को ही अदालत ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और: अजय कुमार को हत्या के आरोप में ब्हउ की धारा–302 और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (टउडउअ) के तहत दोषी ठहराया था। इसके अलावा इस मामले में एक दोषी और भी है। अजय सेठी उर्फ चाचा नामक इस पर आरोप है इसने संगठित अपराध में शामिल अपराधियों की जान–बूझकर मदद की।

असल में हत्यारे जिस कार में सवार थे, वो चाचा की थी और पुलिस ने उसके पास से बरामद की थी। अदालत ने उसे बेईमानी से संपत्ति जुटाने के जुर्म संबंधी ब्हउ की धारा 411 के साथ–साथ टउडउअ प्रावधानों के तहत संगठित अपराध को बढ़ावा देने, जान–बूझकर मदद करने और संगठित अपराध से पैसा कमाने की साजिश का दोषी माना है।

**शुक्रवार को सुरक्षित रखा था कोर्ट ने फैसला**

शुक्रवार को इस मामले में दोषियों की सजा पर बहस पूरी हुई तो अदालत ने इस पर 25 नवंबर तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को दोहरी उम्रकैद और अजय सेठी उर्फ चाचा को 3 साल की सजा सुनाई है। उसकी सजा पूरी मानकर उसे जेल से रिहा कर दिया जाएगा। इसके अलावा दोषियों को सवा लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।क्यों खुश नहीं हैं सौम्या की मां?

उधर, कोर्ट के फैसले के बाद प्रतिक्रिया देते हुए सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन ने कहा, 'हमने जो भुगता वो दोषियों को भी भुगतना चाहिए। मैं संतुष्ट हूं, पर खुश नहींहू क्योंकि मैं खुश तब होती अगर मेरी बेटी वापस आ सकती'।

## संक्षेप खबरें

### गर्लफ्रेंड नही कर रह थी बात, डिप्रेशन में गया दारोगा, वीडियो कॉल करके लाइव फंदे पर झूल गया



**शाहजहांपुर** जिले की है, जहां दरोगा की आत्महत्या करने की खबर से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। दरअसल मृतक वरुण कुमार परौर थाने में दरोगा के पद पर तैनात थे। जानकारी के मुताबिक मृतक दरोगा का पिछले काफी समय से महिला सिपाही से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करने वाले थे। पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच अनबन चल रही थी। जिसकी वजह से मृतक काफी समय से डिप्रेशन में था।

अनबन की वजह से दरोगा ने अपने सरकारी आवास में महिला सिपाही को वीडियो कॉल कर फांसी लगाकर जान दे दी। शुक्रवार सुबह जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला। स्थानीय लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा। कमरे के अंदर का दृश्य देखकर हर कोई हैरान रह गया। पंखे से दरोगा का शव लटक रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक के परिजन को मामले की सूचना दी गई।मृतक दरोगा शामली जिले के चौदादेह गांव के निवासी थे। वरुण परौर थाना क्षेत्र में दरोगा के पद पर तैनात थे।

# चिकन फ्राई के लिए पैसे न देने पर पति ने की थी पत्नी की हत्या, मर्डर केस का खुलासा

**गाजियाबाद:** दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के लोनी थाने की प्रेम नगर कॉलोनी में महिला की कैंची गले में घोंपकर हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। लोनी में पेशे से दर्जी एक व्यक्ति ने 'चिकन फाई' खरीदने के लिए पैसे न देने को लेकर हुई बहस के बाद कथित तौर पर अपनी पत्नी की गर्दन में कैंची घोंपकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी और कहा कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

लोनी क्षेत्र के कार्यवाहक अपर पुलिस आयुक्त (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने शनिवार को कहा, ''लोनी पुलिस थाने के तहत प्रेम नगर कॉलोनी के शाहिद हुसैन को उसकी पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।''

अधिकारी ने कहा कि पेशे से दर्जी शाहिद ने शुक्रवार रात बहस के बाद अपनी पत्नी नूर बानो (46) की गर्दन में कैंची घोंप दी। उन्होंने कहा कि पत्नी को अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब पत्नी ने शाहिद को बाजार से 'चिकन फाई' (मुर्गे का तला गया मांस) खरीदने के लिए कुछ पैसे देने से इनकार कर दिया।



**प्रेम नगर कॉलोनी में महिला की कैंची गले में घोंपकर हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। लोनी में पेशे से दर्जी एक व्यक्ति ने 'चिकन फाई' खरीदने के लिए पैसे न देने को लेकर हुई बहस के बाद कथित तौर पर अपनी पत्नी की गर्दन में कैंची घोंपकर उसकी हत्या कर दी।**

पुलिस ने कहा कि शाहिद को चिकन लाने के लिए पैसे देने से इनकार के बाद उसकी पत्नी बाहर गई और खुद चिकन खरीद कर लाई।पुलिस ने बताया कि इस बात पर फिर दोनों के बीच बहस हुई और इस दौरान शाहिद ने पत्नी नूर बानो की गर्दन पर कैंची से वार कर दिया। पुलिस ने कहा कि हमले के कारण घायल नूर बानो को उसके बच्चे अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। यह घटना नूर बानो के बच्चों के सामने हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कुछ घंटे बाद उसके पति शाहिद को गिरफ्तार कर लिया।

# गाजियाबाद की सोसाइटी में मिली डेंटल छात्रा की लाश, लिव–इन पार्टनर के घर आई थी युवती

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के अहिंसा खंड–दो स्थित इंदिरापुरम की एटीएस एडवांटेज सोसाइटी में शनिवार सुबह 8 बजे एक फ्लैट के फव्वारे के पास डेंटल छात्रा का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में वह शुक्रवार शाम 6:11 बजे वह टावर–11 की 23वीं मंजिल से गिरती दिखाई दी है, जबकि, उसका दोस्त टावर–6 के फ्लैट में रहता है।



युवती निजी कॉलेज में बैचलर इन डेंटल साइंस की अंतिम वर्ष की छात्रा थी। वह सोसाइटी में लिव–इन पार्टनर के फ्लैट पर आई थी। घटना के बाद एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी और डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। दिल्ली के विकासपुरी में रहने वाले कार शोरूम संचालक की 23 वर्षीय इकलौती बेटी सिद्धार्थ विहार स्थित एक मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी। एक साल पूर्व बबल ऐप पर उसकी दोस्ती एटीएस एडवांटेज सोसाइटी में रहने वाले एक युवक से हुई थी। कुछ समय बाद दोनों लिव–इन में इसी सोसाइटी में रहने लगे। युवक गुरुग्राम का रहने वाला है और मुंबई के एक इंस्टीट्यूट से एक्टिंग का कोर्स करने के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो डालता है। डेढ़ माह पूर्व छात्रा ने शक्ति खंड तीन में फ्लैट लिया था।

**मोबाइल नहीं मिला :** जांच में पता चला है कि छात्रा दोस्त के फ्लैट पर अक्सर आती थी। शुक्रवार सुबह आई तो यहां युवक के माता–पिता भी मिले। उन्होंने उसे नाश्ता भी कराया और फिर गुरुग्राम में एक शादी में चले गए, तब फ्लैट में युवती और उसका दोस्त था। दोपहर 2 बजे छात्रा सोसाइटी से बाहर गई। तीन मिनट बाद लौटी। इसके बाद फुटेज में वह शाम 6 बजे सोसाइटी में तीसरी बार प्रवेश करती दिखी। उसका मोबाइल अब तक नहीं मिल सका है।

मामला हाईप्रोफाइल था, लेकिन जब सोसाइटी के लोगों ने शव नहीं पहचाना तो अधिकारी हैरत में पड़ गए। बाद में पहचान हुई तो शक दोस्त और जिनके फ्लैट में शव मिला था, उन पर गया। छात्रा शुक्रवार शाम को 23वीं मंजिल से गिरी थी और लोगों को शनिवार सुबह पता चल सका। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि फुटेज में दिख रहा है कि छात्रा के गिरने से फव्वारे का पानी ऊपर उठता है।

### यूपी रोडवेज बसों के यात्रियों के लिए खुशखबरी, कम हो सकता है किराया

**उत्तर प्रदेश** की रोडवेज बसों में सफर करने वाले लोगों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। खबर है कि यूपी रोडवेज अपना किराया कम करने जा रहा है। यूपी रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या में लगातार आ रही कमी को देखते हुए ये फैसला लिया जा सकता है। इस संबंध में परिवहन निगम मुख्यालय पर प्रधान प्रबंधक के नेतृत्व में कमेटी बनाकर प्रस्ताव बनाया जाएगा। जिसे अगली निदेशक मंडल की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। प्रस्ताव के मुताबिक साधारण बसों के किराये 7 प्रतिशत और अउ बसों का किराये में 10 फीसदी कम किया जा सकता है।

किराया बढ़ने के बाद रोडवेज को करोड़ों का नुकसान



दरअसल, इसी साल फरवरी में रोडवेज बसों का किराया 25 पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद रोडवेज बसों से पैसेंजरों की संख्या कम होने लगी थी। इस फैसले से यूपी रोडवेज को 6 महीने के अंदर लगभग 77 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### लखीमपुर :बना ऐसा हेलमेट, हादसा होने पर खुद बुला लेगा एम्बुलेंस



**भारत** में सबसे ज्यादा मौतें सड़क हादसों में होती हैं। एक सर्वे के मुताबिक देश में हर घंटे पर 53 एक्सीडेंट होते हैं। देश में मजबूत कानून और हेलमेट की अनिवार्यता किए जाने के बावजूद भी सड़क हादसों में लोगों की जान चली जाती है, लेकिन अगर कोई कहे कि देश में अब एक ऐसा हेलमेट बन चुका है, जो एक्सीडेंट होने पर खुद एम्बुलेंस को बुला लेगा। यह कारनामा आईटीएम गिड़ा गोरखपुर मैकेनिकल सेकेंड ईयर के तीन छात्रों ने कर दिखाया है।

**डॉक्टर को भी कॉल करेगा**

शुजीत यादव, शुभम कुमार और आदित्य यादव ने मिलकर अपने अपने डिपार्टमेंट के एचओडी विनीत राय के नेतृत्व में एक ऐसा हेलमेट तैयार किया है, जो ना केवल सड़क दुर्घटना में आप के जान की सुरक्षा करेगा बल्कि दुर्घटना होने पर आप के परिवार व डॉक्टर को भी कॉल करेगा, जिससे समय रहते दुर्घटना होने पर वाहन चालक का इलाज कर उसकी जान बचाई जा सकेगी। इसके साथ ही छात्रों द्वारा बनाया गया हेलमेट वायु प्रदुषण से भी आप को बचाता है। छात्रों ने हेलमेट को 'पी.पी. एच. पोलुशन प्रोटेक्शन हेलमेट' का नाम दिया है'

**कैसे काम करता है हेलमेट ?**

हेलमेट को इस तरह से तैयार किया गया है, मोटरसाइकिल चलाते वक्त हेलमेट में लगे डिवाइस को मोबाइल से कनेक्ट करना होता है। कनेक्ट होने पर हेलमेट में लगा डिवाइस एक्टिव हो जाता है, हेलमेट में एक इमरजेंसी बटन लगा है, जिसे दबाने पर एम्बुलेंस डॉक्टर या परिवार के सदस्य के नंबर पर कॉल चला जाता है, जिससे समय रहते दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचाई जा सकती है। वहीं यह हेलमेट सड़क हादसों से तो बचाएगा ही साथ ही बढ़ते वायु प्रदुषण से भी राहत देगा। बता दें कि हेलमेट के ऊपरी हिस्से में एक एयर फिल्टर लगा है, जो प्रदूषित वायु को फिल्टर कर हेलमेट के अंदर शुद्ध हवा पहुंचाता है' बता दें कि हेलमेट में, ब्लूटूथ मॉडुल, 3,7 वोल्टेज बैटरी, एयर फिल्टर, रेड इंडिकेटर हेलमेट, का प्रयोग किया गया है।

# करंट लगने से पिता–पुत्र समेत 3 की मौत

**नई दिल्लीः** दिल्ली के रणहौला इलाके में शुक्रवार दोपहर को एक अस्पताल में पानी के टैंकर में अंदर काम करते समय करंट का झटका लगने से पिता–पुत्र और इलेक्ट्रीशियन समेत 3 लोगों की मौत हो गई।

मृतक इलेक्ट्रीशियन की पहचान सर्वेश कुमार 59 साहिबाबाद के रूप में हुई है जो कि अस्पताल में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में काम करते थे। वहीं अन्य में 40 वर्षीय कुंवर पाल और उनके पुत्र 20 वर्षीय रमन थे जो कि प्लंबर का काम करते थे।

डीसीपी हरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें दोपहर करीब ढाई बजे कमांडर अस्पताल से पीसीआर कॉल आई, जिसमें बताया गया था कि करंट लगने से एक घटना हुई है जिसमें कुछ लोग पानी के अंदर फंसे हुए हैं। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस को अस्पताल परिसर में स्थित पानी की टंकी में 3 लोग पड़े हुए थे। वहीं मौके पर पहुंची एसएफएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फोटोग्राफी की और जरूरी साक्ष्य जुटाए।पुलिस ने कहा कि मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पोस्टमॉर्टम के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। वहीं इस मामले में दिल्ली फायर सर्विस के अतुल गर्ग ने कहा कि उन्हें कॉल मिलने के बाद 2 फायर टेंडरों को घटनास्थल पर भेजा गया। गर्ग ने कहा कि पानी की टंकी में करंट था और इसकी चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। फायर सर्विस और पुलिस की टीमों ने शवों को टैंकर से बाहर निकाला और बाहर निकाले गए तीनों लोग बेहोश थे।

मामले में पुलिस ने धारा 304ए के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना के बाद अस्पताल के मालिक लाखन सिंह भरत ने कहा कि जब मैंने घटना के बारे में सुना तो अस्पताल आया। मुझे नहीं पता वह घटना कैसे घटी? पानी की टंकी मोटर की मरम्मत के लिए लोगों को आउटसोर्स किया गया था।

# सावधान! गूगल से नंबर निकालकर फोन करना पड़ा महंगा

**नई दिल्लीः** इंटरनेट और मोबाइल फोन के बढ़ते इस्तेमाल और इसकी उपयोगिता से कोई भी इनकार नहीं कर सकता, लेकिन इसके दुष्प्रभाव और नेगेटिव साइड भी हैं। इसमें सबसे पहला है ऑलनाइन फ्रॉड के बढ़ते मामले। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं कि मोबाइल नंबर पर किसी का फोन आया और अकाउंट से पैसे गायब हो गए। साइबर अपराधी लोगों को शिकार बनाने के लिए तरह–तरह के तरीके अपना रहे हैं। अगर आपने जरा भी लापरवाही की तो आपको अपनी जीवनभर की कमाई से हाथ धोना पड़ सकता है। ऐसा ही एक मामला दिल्ली से सटे शहर गुरुग्राम से आया है।

यहां एक शख्स को गूगल से उबर के कस्टमर केयर का नंबर निकालकर उसपर फोन करना बहुत महंगा पड़ गया। उससे 5 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर की गई। साइबर अपराधियों द्वारा उसके बैंक एकाउंट से 5 लाख रुपये उड़ा दिए गए। हुआ कुछ ऐसा की शख्स ने उबर की गाड़ी से यात्रा कि, जिसमें उससे 100 रुपये अधिक चार्ज कर लिए गए। इसके बाद उसने गूगल करके कस्टमर केयर का नंबर निकाला और उसपर फोन किया। यह




नंबर फेक साबित हुआ और वह धोखाधड़ी का शिकार हो गया।गूगल से निकाला नंबरएफआईआर के मुताबिक शख्स का नाम प्रदीप चौधरी है और वह एसजे एंक्लेव में रहता था। यहां से उसने गुरुग्राम के लिए 205 रुपये में कैब बुक किया। उबर ने 205 रुपये की जगह उससे 318 रुपये ले लिए। शख्स ने बताया कि कैब के ड्राइवर ने उसे सुझाव दिया कि ये 100 रुपये कस्टमर केयर पर कॉल करने के बाद उसे वापस मिल जाएंगे। इसके बाद उसने गूगल से नंबर निकालकर फोन किया। शख्स से अपने फोन में गूगल प्ले स्टोर से एक ऐप इंस्टाल करने के लिए कहा गया। इसके बाद कहा गया कि आप अपना पेटीएम खोलिए और कुछ बताया गया टेक्स्ट मैसेज करने को कहा गया। फोन नंबर मांगे जाने का सवाल करने पर अकाउंट वैरिफिकेशन की बात बताई गई। वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। मामला आईपीसी, 420 और 66 ऊके तहत दर्ज किया गया है।

**शख्स से अपने फोन में गूगल प्ले स्टोर से एक ऐप इंस्टाल करने के लिए कहा गया। इसके बाद कहा गया कि आप अपना पेटीएम खोलिए और कुछ बताया गया टेक्स्ट मैसेज करने को कहा गया। फोन नंबर मांगे जाने का सवाल करने पर अकाउंट वैरिफिकेशन की बात बताई गई। वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। मामला आईपीसी, 420 और 66 ऊके तहत दर्ज किया गया है।**

# शराब पीने से किया मना, गुस्से में दर्जी पति ने कैंची से गोदा गर्दन

**गाजियाबाद:** गाजियाबाद के लोनी थाना के प्रेम नगर कॉलोनी में गुरुवार देर रात एक व्यक्ति ने शराब पीने के विरोध करने पर पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी जैसे ही भागने लगा तो उसके बच्चों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने हत्यारोपी पति को हिरासत में ले लिया है।

प्रेम नगर कॉलोनी निवासी नूर बानो के दो बेटे और चार बेटी हैं। नूर बानो के पति शाहिद सिलाई का काम करता है। बताया गया कि शाहिद शराब पीने के आदी हैं। नूर बानो ने सब्जी की दुकान लगाई थी। बच्चे भी सिलाई का काम करते हैं। शाहिद और उसकी पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता था। गुरुवार की रात शाहिद फिर से शराब पीकर घर में आ गया। इसका नूर बानो विरोध किया।



पत्नी ने जब शराब पीकर घर आने से मना किया तब दर्जी शाहिद ने कैंची से नूर बानो के गर्दन पर हमला कर दिया। इसके बाद नूर बानो घायल हो गई। वहीं मौजूद बच्चों ने पिता को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद भी पिता ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने शाहिद को पकड़ लिया। कार्यवाहक एसीपी सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि घटना को अंजाम देने के पीछे क्या कारण है इस बारे में आरोपी से पूछताछ की जाएगी।

**पहले हुआ झगड़ा इसके बाद कैंची मारीः** परिजनों ने पुलिस को बताया कि नूर बानो मकान की दूसरी मंजिल में रहती थी। उन दोनों में शराब पीने को लेकर झगड़ा हुआ। उसी दौरान गुस्से में शाहिद ने कैंची से नूर बानो पर हमला कर दिया। दर्जी पति के अटैक के बाद नूर बानो की मौत हो गई।

वहीं एक दूसरे मामले में गुरुग्राम में करीब एक सप्ताह के बच्चे की गला रेतकर हत्या करने के बाद यहां दरबारीपुर रोड पर उसका शव फेंक दिया गया। पुलिस के मुताबिक 17 नवंबर की सुबह खून से लथपथ बच्चे को एक सफाई कर्मचारी ने देखा।राजस्थान के करौली के रहने वाले सफाई कर्मचारी राजेश ने पुलिस को इस बारे में सूचित किया। पुलिस ने इसके बाद तुरंत आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शव का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर सुधीर कुमार ने कहा कि बच्चा एक सप्ताह से अधिक का नहीं था और स्वस्थ था। पुलिस की अपराध शाखा की टीम अब इस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने अपराध स्थल के एक किलोमीटर के दायरे में लगे कई सीसीटीवी की जांच की लेकिन कुछ भी ठोस नहीं मिला। पुलिस अब बच्चे और हत्यारे की पहचान करने के लिए रेहड़ी–पटरी वालों और अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।

# दिल्ली–एनसीआर के लोगों को अभी नहीं मिलेगी प्रदूषण से राहत

**दिल्ली**–एनसीआर में प्रदूषण का स्तर पिछले कुछ दिनों के मुकाबले कम हुआ है। हालांकि, अभी प्रदूषण से निजात नहीं मिलेगी क्योंकि दिल्ली के कई दिल्ली इलाकों में बुधवार को अदक 400 से ज्यादा दर्ज किया गया है। हालांकि, मंगलवार को दिल्ली–एनसीआर में अदक 400 कम मापा गया था। ऐसे में आने वाले कुछ दिनों में प्रदूषित हवा से निजात नहीं मिलेगी। लेकिन संभावना है कि धीरे–धीरे इन इलाकों में भी प्रदूषण से जल्द निजात मिल जाएगी। बता दें कि अदक सोमवार को दर्ज किए गए 348 से थोड़ा खराब था, और रविवार को 301 से काफी अधिक था।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि पालम और सफदरजंग में 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। जो 10 नवंबर को पश्चिमी विक्षोभ के कारण शहर में हुई हल्की बारिश के बाद से सबसे अधिक है। हालांकि, मंगलवार को हवा उत्तर–पश्चिमी दिशा में बह रही थी, जो अपने साथ पंजाब और हरियाणा में खेतों की आग का धुआं ला रही थी, जिससे हवा की गुणवत्ता में थोड़ी गिरावट आई। मंगलवार को एनसीआर में अदक को 'बहुत खराब' श्रेणी में रहा, जिसमें नोएडा में 330, ग्रेटर नोएडा में 304, गुरुग्राम में 331 और गाजियाबाद में 346 रहा।बता दें कि शून्य और 50 के बीच एक अदक को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब, 401 और 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर गंभीर प्लस माना जाता है।

**मंगलवार को दिल्ली–एनसीआर में अदक400 कम मापा गया था। ऐसे में आने वाले कुछ दिनों में प्रदूषित हवा से निजात नही मिलेगी। लेकिन संभावना है कि धीरे–धीरे इन इलाकों में भी प्रदूषण से जल्द निजात मिल जाएगी।**

आवश्कता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें –94568843327

# चीन में एक और महामारी की आहट, भारत भी अलर्ट



**मुंबई**

उत्तरी चीन में रहस्यमय बुखार के मामलों को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वह स्थिति पर पैनी निगाह रखे हुए है। हालांकि मंत्रालय ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि इनमें मानव से मानव को संक्रमण के मामले नहीं है तथा मृत्यु दर भी बेहद कम है। इसलिए भारत में इसके संक्रमण का खतरा क्षीण है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि भारत चीन में एच9एन2 मामलों और बच्चों में सांसक की बीमारी की बारीकी से निगरानी कर रहा है। यह एवियन इन्फ्लुएंजा है तथा इससे भारत को कम खतरा है।

मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में उपलब्ध जानकारी के आधार पर पिछले कुछ हफ्तों में चीन में श्वसन रोगों की घटनाओं में बढ़ोतरी की सूचना है। बच्चों में सांस संबंधी बीमारी के सामान्य कारण ही सामने आए हैं और असामान्य रोगजनक या किसी भी अप्रत्याशित नैदानिक कारकों की कोई पहचान नहीं हुई है। चीन में अक्टूबर 2023 में एच9एन2 (एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस) के मानव मामले की पृष्ठभूमि में देश में एवियन इन्फ्लुएंजा के मानव मामलों से बचने की तैयारी के उपायों पर चर्चा करने के लिए हाल ही में डीजीएचएस की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी।भारत किसी स्थिति से निपटने को तैयार विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा समग्र जोखिम मूल्यांकन से पता चलता है कि मानव से मानव में संक्रमण फैलने की संभावना कम है और डब्ल्यूएचओ को अब तक सूचित एच9एन2 के मानव मामलों में मृत्यु दर भी कम है। मानव, पशुपालन और वन्य जीव क्षेत्रों के बीच निगरानी को मजबूत करने और समन्वय में सुधार की जरूरत पर जोर दिया गया। मंत्रालय ने कहा कि भारत किसी भी तरह की सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। भारत इस तरह के सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों से निपटने की दिशा में एक समग्र और एकीकृत रोडमैप अपनाने के लिए एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण शुरू कर रहा है। विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को भी काफी मजबूत किया गया है।चीन में कोई नई या असामान्य बीमारी नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा सांस संबंधी बीमारी का प्रकोप बढ़ने से जुड़ी जानकारी मांगने पर चीन ने ये जवाब दिया है। चीन के अधिकारियों ने कहा है कि इस मौसम में चीन में ऐसे मामले सामने आते रहे हैं।

## संक्षेप खबरें

### रेलवे ने किया इस रूट की वंदे भारत के शेड्यूल में बड़ा बदलाव



**नई दिल्ली:** देशभर में लोकप्रिय हो रही वंदे भारत से हजारों यात्री सफर करते हैं, यदि आप भी आने वाले दिनों इस ट्रेन से अपनी यात्रा करने वाले हैं तो आपके लिए जरूरी खबर है। जी हां, भारतीय रेलवे ने दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शेड्यूल में बदलाव किया है। जिन ट्रेनों के शेड्यूल बदले गए हैं उसने में नई दिल्ली–अंब अंदौरा वंदे भारत एक्सप्रेस और अहमदाबाद–जामनगर वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो भारतीय रेलवे ने ट्रेन नंबर 22447/22448 दिल्ली से चलकर अंब अंदौरा तक जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के शेड्यूल में बदलाव किया है, अब यह ट्रेन मंगलवार को छोड़कर सप्ताह के सभी दिन चलेगी, पहले यह शुक्रवार को नहीं चलती थी।

अपनी यात्रा में यह वंदे भारत एक्सप्रेस दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश को जोड़ती है। यह ट्रेन चंडीगढ़ जंक्शन, आनंदपुर साहिब, ऊना हिमाचल और अंब अंदौरा के बीच रुकती है।रिपोर्ट्स की मानें तो नई दिल्ली से चलकर अंब अंदौरा तक जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के चलने से पर्यटन के क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। पर्यटन हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी क्षेत्रों का तरफ यात्रा करने के लिए इस ट्रेन का खूब इस्तेमाल कर रहे हैं।

# यूपी के बाद पूरे देश में हलाल पर लगेगा बैन? अमित शाह का बड़ा बयान



**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने ?हलाल–प्रमाणित? उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का कोई निर्णय नहीं लिया है। हैदराबाद में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, "केंद्र सरकार द्वारा हलाल पर प्रतिबंध लगाने का अभी कोई फैसला नहीं किया गया है।" शाह 30 नवंबर को होने वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रहे हैं।

बता दें कि हाल ही में, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने हलाल प्रमाणीकरण वाले खाद्य उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू हो गया। हालांकि यह प्रतिबंध निर्यात के उत्पादों पर लागू नहीं होगा। हलाल पर बैन लगाने से पहले हुई मीटिंग में सरकारइस निष्कर्ष पर पहुंची है कि गैर–हलाल–प्रमाणित उत्पादों के इस्तेमाल को हतोत्साहित करने की एक साजिश है। सरकार का आरोप है कि एक पक्ष के लिए ?वित्तीय लाभ? पैदा करने, नफरत को बढ़ावा देने और देश को मूल रूप से कमजोर करने के लिए अनुचित और असफल प्रयास किए गए हैं।यूपी में हलाल बैन के बाद कयास लगाए जाने लगे कि क्या केंद्र की सत्ताधारी भगवा पार्टी पूरे देश में भी हलाल बैन करेगी।

# भगवान देख रहा है, नागरिकता साबित करने को 3 साल लड़ी आजादी के नायक की बेटी

**गुवाहाटी :** देश की आजादी के लिए लड़ने वाले दिगेंद्र चंद्र घोष की बेटी को भारत की नागरिकता साबित करने के लिए तीन साल मुकदमा लड़ना पड़ा है। अब जाकर 73 साल की सेजे बाला घोष यह साबित कर सकी हैं कि वह भारत की ही नागरिक हैं और बांग्लादेशी घुसपैठिया नहीं हैं।

उन्हें मार्च 2020 में फॉरेन ट्राइब्यूनल की ओर से नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद तीन साल लंबी कानूनी लड़ाई चली। इसी सप्ताह उन्हें ट्राइब्यूनल के आदेश की कॉपी मिली है, जिसमें उन्हें भारत का नागरिक माना गया है। नागरिकता मिलने के बाद वह खुश हैं, लेकिन वह कहती हैं कि सवाल उठाना ही अपमान था।



वह कहती हैं कि मेरी नागरिकता पर सवाल उठना मेरे पिता के बलिदान का अपमान था।

उन्हें भारतीय घोषित करना ही काफी नहीं है। भगवान सब देख रहा है। उन्होंने हिन्दुस्तान टाइम्स से बातचीत में कहा कि वह अब भी अपमानित महसूस कर रही हैं। उन्होंने बताया,'मेरे पिता ने आजादी के आंदोलन में हिस्सा लिया था। वह चंद्रशेखर आजाद जी के करीबी सहयोगी थे। आजादी के लिए उन्होंने जंग लड़ी। लेकिन आज आजादी के 7 दशकों के बाद उनकी बेटी को घुसपैठिया बताया जा रहा है। यह शर्म की बात है।'

### हिदुत्व की ओर देख रही दुनिया, हर हिंदू तक पहुंचना होगा, थाईलैंड में बोले मोहन भागवत



**बैंकॉक :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फर) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद के साथ प्रयोगों के बाद लड़खड़ा रही दुनिया को प्रसन्नता और संतोष का मार्ग भारत दिखाएगा। थाईलैंड की राजधानी में तीसरी विश्व हिंदू कांग्रेस के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भागवत ने दुनियाभर के हिंदुओं से अपील की कि वे एक दूसरे से जुड़ें और मिलकर दुनिया से कड़ी जोड़ें।

उन्होंने दुनियाभर से आए विचारकों, कार्यकर्ताओं, नेताओं और उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा, 'हमें हर हिंदू तक पहुंचना होगा, संपर्क साधना होगा। सभी हिंदू मिलकर दुनिया में सभी से संपर्क साधेंगे। हिंदू अधिक से अधिक संख्या में जुड़ रहे हैं और दुनिया के साथ जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।'भागवत ने कहा कि दुनिया, खासतौर पर कोविड महामारी के बाद यह मान चुकी है और आम–सहमति से यह बात सोच रही है कि भारत प्रसन्नता और संतोष का मार्ग दिखाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद के साथ प्रयोग करते हुए लड़खड़ा रही है और प्रसन्नता की तलाश में वह हिंदुत्व की ओर देख रही है।

# जांच पूरी नहीं हुई, भारत को दोषी ठहरा दिया

**नई दिल्ली**





भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने शनिवार को कनाडा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कनाडा की धरती पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है। लेकिन इसके बावजूद कनाडा ने नई दिल्ली को दोषी ठहराया। उन्होंने कनाडा से आग्रह किया कि वह निज्जर की हत्या के संबंध में लगाए गए आरोपों के सबूत पेश करे। भारतीय दूत ने कहा कि जस्टिन ट्रूडो ने जो आरोप लगाए हैं अगर उनके समर्थन में वे कोई बहुत खास और प्रासंगिक? बात बताते हैं तो भारत उस पर गौर करेगा।

सीटीवी समाचार चैनल के साथ एक इंटरव्यू में, उच्चायुक्त से आतंकवादी हरदीप निज्जर की हत्या में ?संभावित भारत सरकार की संलिप्तता? के कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों के बारे में पूछा गया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, वर्मा ने कहा, ?इस पर दो बातें कहना चाहूंगा। एक तो यह कि जांच पूरी हुए बिना ही भारत को दोषी ठहराया गया। क्या यह कानून का शासन है? यह पूछे जाने पर कि भारत को कैसे दोषी ठहराया गया, इस पर उच्चायुक्त ने कहा, उन्होंने (कनाडा ने) कहा कि भारत सहयोग करे। अगर आप विशिष्ट आपराधिक शब्दावली को देखें, तो जब कोई सहयोग करने के लिए कहता है, तो इसका मतलब है कि आपको पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है और बेहतर होगा कि आप सहयोग करें। भारतीय दूत ने कहा, ?इसलिए, हमने इसे बहुत अलग तरीके से लिया। लेकिन, हमने हमेशा कहा है कि अगर कोई बहुत विशिष्ट और प्रासंगिक जानकारी है, और वह हमें बताई जाए, तो हम इसकी जांच करेंगे। बता दें कि विदेश मंत्रालय के अनुसार, कनाडा हत्या पर अपने दावों को साबित करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं कर पाया है।

# 7 दिन में नियम तय करें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली :** इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार डीपफेक जैसी आपत्तिजनक सामग्री से पीड़ित होने पर आईटी नियमों के उल्लंघन के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में नागरिकों की सहायता करेगी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को आईटी नियमों के अनुसार अपनी इस्तेमाल की शर्तों को तय करने के लिए सात दिन का समय दिया गया है।




चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (टी३८) एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करेगा, जिस पर यूजर्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा आईटी नियमों के उल्लंघन के बारे में सूचित कर सकेंगे। मंत्री ने कहा, ?टी३८ यूजर्स को आईटी नियमों के उल्लंघन के बारे में बहुत आसानी से सूचित करने और एफआईआर दर्ज करने में सहायता करेगा। सोशल मीडिया मंचों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद चंद्रशेखर ने पत्रकारों से कहा, ''आज से आईटी नियमों का उल्लंघन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं (जीरो टॉलरेंस) किया जाएगा।'' मंत्री ने कहा कि मध्यस्थ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और यदि वे यह जानकारी देते हैं कि सामग्री कहां से आई है तो सामग्री साझा करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### शिक्षकों को जारी कर दिया फर्जी नियुक्ति पत्र, 256 कर्मचारियो पर गिरी गाज; बर्खास्त

**ईटानगर :** अरुणाचल प्रदेश सरकार ने शिक्षा विभाग की औपचारिकताओं को पूरा किए बिना संबंधित अधिकारियों को "फर्जी" नियुक्ति आदेश देने के आरोप में 256 शिक्षकों, लिपिकों और सहायक कर्मचारियों की सेवाओं को समाप्त कर दिया है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य शिक्षा आयुक्त अमजद टाक ने कथित अनियमितताओं का विश्लेषण करने के लिए गठित एक जांच समिति की जांच के बाद विभिन्न जिलों में नियुक्त इन कर्मचारियों को सेवाओं से बर्खास्त करने के अलग–अलग आदेश जारी किए हैं। आदेशों से पता चला कि "बड़ी संख्या में प्राथमिक शिक्षक (पीआरटी), प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी), उच्च और निम्न श्रेणी के लिपिक (यूडीसी और एलडीसी) और मल्टी–टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) ने नियुक्ति आदेश प्रस्तुत करके अपना पद सुरक्षित कर लिया था। बाद में पता चला कि यह धोखाधड़ी थी।"

# दुनिया की जनसंख्या 8 अरब से घटकर हो जाएगी 2 अरब, 12 राज्यों ने सेट किया ट्रेंड

**नई दिल्ली**

दुनिया की बढ़ती आबादी के बीच एक राहत की खबर सामने आई है। दुनिया के कई देशों में जन्मदर में काफी सुधार हुआ है। भारत ने भी इस मामले में शानदार प्रदर्शन किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 300 वर्षों में दुनिया की आबादी 8 अरब से घटकर 2 अरब तक हो जाएगी। वर्तमान समय की बात करें तो भारत और चीन की ही जनसंख्या 3 अरब के करीब है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक, 2050 से लेकर 2080 के बीच दुनिया की जनसंख्या सर्वाधिक करीब 10 अरब के करीब पहुंचेगी। इसके बाद इसमें कमी देखने को मिलेगी।

टेक्सास विश्वविद्यालय के जनसंख्या शोध केंद्र में काम करने वाले महान अर्थशास्त्री डीन स्पीर्स ने द न्यूयॉर्क टाइम्स के लिए लिखे अपने लेख में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा है कि अगले 300 वर्षों में दुनिया में मनुष्यों का जन्मदर 1.5 के करीब बना रहेगा। वर्तमान समय



में कई देशों में यह 2 से भी अधिक है। दक्षिण अफ्रीका का साल 2022 में जन्म दर 2.1, इंडोनेशिया में 1.9 और भारत में 1.8 के करीब रहा।

भारत ने बढ़ते जन्मदर के मामले में काफी सुधार किया है। 2020 में यह 2 के करीब था। अब यह 1.8 तक लुढ़का है। इसके और नीचे जाने की संभावना है। भारत में वर्तमान समय में युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। औसतन 28 साल की सर्वाधिक जनसंख्या है। हालांकि, 2048 तक यह 40 तक जा सकता है। जापान की बात करें तो यह अभी ही 49 के करीब है।

### भारत से सीखे कोंगो और नाइजीरिया जैसे देश

दुनिया के कई देशों में जन्मदर के मामले में सुधार हुआ है, लेकिन आज भी कई ऐसे देश हैं जहां की स्थिति ठीक नहीं है। उन देशों में कोंगो, नाइजीरिया और इथोपिया भी शामिल है, जिसे भारत से सीख लेने की जरूरत है। 1981 से 2020 के बीच भारत के 12 राज्यों ने जन्मदर के मामले में काफी शानदार काम किया है। हरियाणा में जन्मदर में 60 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश, पंजाब और पश्चिम बंगाल में भी 60 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, ओडिशा, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी 50 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।

भारत से सीखे कोंगो और नाइजीरिया जैसे देश

दुनिया के कई देशों में जन्मदर के मामले में सुधार हुआ है, लेकिन आज भी कई ऐसे देश हैं जहां की स्थिति ठीक नहीं है। उन देशों में कोंगो, नाइजीरिया और इथोपिया भी शामिल है, जिसे भारत से सीख लेने की जरूरत है। 1981 से 2020 के बीच भारत के 12 राज्यों ने जन्मदर के मामले में काफी शानदार काम किया है। हरियाणा में जन्मदर में 60 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश, पंजाब और पश्चिम बंगाल में भी 60 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, ओडिशा, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी 50 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।भारत ने भी इस मामले में शानदार प्रदर्शन किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 300 वर्षों में दुनिया की आबादी 8 अरब से घटकर 2 अरब तक हो जाएगी। वर्तमान समय की बात करें तो भारत और चीन की ही जनसंख्या 3 अरब के करीब है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक, 2050 से लेकर 2080 के बीच दुनिया की जनसंख्या सर्वाधिक करीब 10 अरब के करीब पहुंचेगी। इसके बाद इसमें कमी देखने को मिलेगी।

टेक्सास विश्वविद्यालय के जनसंख्या शोध केंद्र में काम करने वाले महान अर्थशास्त्री डीन स्पीर्स ने द न्यूयॉर्क टाइम्स के लिए लिखे अपने लेख में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा है कि अगले 300 वर्षों में दुनिया में मनुष्यों का जन्मदर 1.5 के करीब बना रहेगा। वर्तमान समय में कई देशों में यह 2 से भी अधिक है।

संपादकीय

## आत्म–नियंत्रण से बेहतर होगी वायु की गुणवत्ता

शहरों में भीड़ कम हो, निजी वाहन कम हों, जाम न लगे, हरियाली बनी रहे– इसी से जहरीला धुंआ कम होगा. मशीनें मानवीय भूल का निदान नहीं होती हैं. हमें जरूरत है आत्म नियंत्रित करने वाली ऐसी प्रक्रिया अपनाने की जिससे वायु को विषैला बनाने वाले कारक ही जन्म न लें. तभी वायु स्वच्छ हो पायेगी.

जब दिल्ली और उसके आसपास के दो सौ किलोमीटर के दायरे में सांसों पर संकट छाया और सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त नजरिया अपनाया, तो सरकार का एक नया शिगूफा सामने आ गया– कृत्रिम बरसात. वैसे भी दिल्ली के आसपास जिस तरह सीएनजी वाहन की अधिकता है, वहां बरसात नये तरीके का संकट ला सकती है. विदित हो कि सीएनजी दहन से नाइट्रोजन ऑक्साइड और ऑक्साइड ऑफ नाइट्रोजन का उत्सर्जन होता है. चिंता की बात यह है कि ऑक्साइड ऑफ नाइट्रोजन गैस वातावरण में मौजूद पानी और ऑक्सीजन के साथ मिलकर तेजाबी बारिश कर सकती है. जिस कृत्रिम बरसात का झांसा दिया जा रहा है, उसकी तकनीक को समझना जरूरी है. इसके लिए हवाई जहाज से सिल्वर आयोडाइड और कई अन्य रासायनिक पदार्थों का छिड़काव किया जाता है, जिससे सूखे बर्फ के कण तैयार होते हैं.असल में सूखी बर्फ ठोस कार्बन डाइऑक्साइड ही होती है. सूखी बर्फ की खासियत होती है कि इसके पिघलने से पानी नहीं बनता और यह गैस के रूप में ही लुप्त हो जाती है. यदि परिवेश के बादलों में थोड़ी भी नमी होती है, तो ये सूखी बर्फ के कोनों पर चिपक जाती है और इस तरह बादल का वजन बढ़ जाता है, जिससे बरसात हो जाती है. एक तो इस तरह की बरसात के लिए जरूरी है कि वायुमंडल में कम से कम 40 प्रतिशत नमी हो, फिर यह थोड़ी सी देर की बरसात ही होती है. इसके साथ यह खतरा बना रहता है कि वायुमंडल में कुछ ऊंचाई तक जमा स्मॉग और अन्य छोटे कण फिर धरती पर आ जाएं.साथ ही सिल्वर आयोडाइड, सूखी बर्फ के धरती पर गिरने से उसके संपर्क में आने वाले पेड़–पौधे, पक्षी और जीव ही नहीं, नदी–तालाब पर भी रासायनिक खतरा संभावित है. हमारे नीति निर्धारक आखिर यह क्यों नहीं समझ रहे कि बढ़ते प्रदूषण का इलाज तकनीक में तलाशने से ज्यादा जरूरी है प्रदूषण को कम करना. यह मसला केवल दिल्ली तक ही सीमित नहीं है, मुंबई, बेंगलुरु के हालात भी इससे बेहतर नहीं हैं. दिल्ली में अभी तक जितने भी तकनीकी प्रयोग किये गये, हकीकत में वे बेअसर ही रहे हैं. यह तो भला हो सर्वोच्च न्यायालय का जिसकी एक टिप्पणी के चलते इस बार दिल्ली में वाहनों का सम–विषम संचालन थम गया. तीन वर्ष पहले एम्स के तत्कालीन निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया ने भी कहा था कि दूषित हवा से सेहत पर पड़ रहे कुप्रभाव का सम–विषम स्थायी समाधान नहीं है. क्योंकि ये उपाय उस समय अपनाये जाते हैं जब हालात पहले से ही आपात स्थिति में पहुंच गये होते हैं.

> मारे नीति निर्धारक आखिर यह क्यो नही समझ रहे कि बढ़ते प्रदूषण का इलाज तकनीक मे तलाशने से ज्यादा जरूरी है प्रदूषण को कम करना. यह मसला केवल दिल्ली तक ही सीमित नही है, मुंबई, बेंगलुरुके हालात भी इससे बेहतर नही हैं. दिल्ली मे अभी तक जितने भी तकनीकी प्रयोग किये गये, हकीकत मे वे बेअसर ही रहे हैं.



# बेहद सादगी भरा जीवन जीते थे सरदार पटेल

विवेक शुक्ला

**सरदार पटेल की 15 दिसंबर, 1950 में मृत्यु के बाद भी किसी सरकार ने दिल्ली में उनका कोई स्मारक बनाने की चेष्टा नही की. यह हैरानी की बात है कि राजधानी में सरदार पटेल जैसी बुलंद शख्सियत का कोई स्मारक नही है. यहां पर गांधी जी, पंडित नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, बाबा साहेब अंबेडकर, बाबू जगजीवन राम आदि के स्मारक बन सकते थे, तो सरदार पटेल का स्मारक क्यों नही बनाया गया.**

वह तारीख थी 21 अप्रैल, 1947. देश को आजादी मिलने में अब कुछ ही वक्त शेष था. लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल दिन में करीब साढ़े 12 बजे अपने 1, एपीजे अब्दुल कलाम रोड (तब औरंगजेब रोड) के घर से निकले. उन्हें राजधानी के सिविल लाइंस स्थित मेटकॉफ हाउस जाना था. वहां उनका इंतजार कर रहे थे इंडियन सिविल सर्विस (आइसीएस) के अफसर. पटेल ने उन अफसरों से सुराज के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि उन्हें आजाद भारत में जनता के हितों को सदैव सर्वोपरि रखना होगा. उन्होंने सिविल सेवकों को भारत का स्टील फ्रेम कहा. इसका मतलब यह था कि सरकार के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत सिविल सेवक देश की प्रशासनिक व्यवस्था के सहायक स्तंभों के रूप में कार्य करते हैं.

अफसरों से मुखातिब होने के बाद पटेल दो–ढाई कमरों के अपने आवास वापस आ गये, जहां वह अपनी पुत्री मणिबेन के साथ बेहद सादगी से रहते थे. वह दो सितंबर, 1946 को जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार में शामिल होने के बाद दिल्ली आ गये थे. उस सरकार में वह गृह और सूचना विभागों को देख रहे थे. उस कैबिनेट में शामिल डॉ राजेंद्र प्रसाद, सी राजगोपालाचारी, बाबू जगजीवन राम आदि को लुटियन दिल्ली में सरकारी आवास आवंटित हुए थे. लेकिन, पटेल ने सरकारी आवास लेने से विनम्रता से इंकार कर दिया था. उनके करीब 10 नंबर के बंगले में मोहम्मद अली जिन्ना रहते थे. पटेल जिस घर में रहते थे, वह उनके मित्र बनवारी खंडेलवाल का था. उन्होंने ही पटेल से उनके घर में रहने की पेशकश की थी. इसी साधारण से घर में रहते हुए पटेल ने आजादी मिलने के बाद 562 रियासतों का भारत में विलय करवाया. उस कठिन दौर में सरदार पटेल के साथ उनके विश्वासपात्र सलाहकार वीपी मेनन रहा करते थे, जो स्वतंत्रता के बाद उनके प्रधान सचिव बनाये गये.सरदार पटेल ने इसी घर में रहते हुए अपने सलाहकारों के साथ मिलकर हैदराबाद रियासत में पुलिस एक्शन की रणनीति बनायी थी. उस पुलिस कार्रवाई को 'ऑपरेशन पोलो' कहा जाता है. यह 13 सितंबर, 1948 को सुबह चार बजे शुरू हुआ. इस एक्शन के बाद हैदराबाद का भारत में विलय हुआ. स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री सरदार पटेल पहले गृह, सूचना तथा रियासत विभाग के मंत्री थे. आज अगर आप कभी सरदार पटेल के घर के आगे से निकले तो यहां दिन–रात ट्रैफिक चल रहा होता है. सड़क के दोनों तरफ लगे घने और बुजुर्ग नीम, इमली और जामुन के पेड़ों के पीछे उनका घर दिखाई दे जाता है.दिल्ली में रहते हुए सरदार पटेल महात्मा गांधी से लगातार जरूरी मसलों पर सलाह लेने के लिए मिला करते थे. वह उस मनहूस 30 जनवरी 1948 को गांधी जी से मिलने वाले संभवतः अंतिम शख्स थे. वह गांधी जी से मिलने शाम करीब साढ़े चार–पौने पांच बजे के आसपास 5, तीस जनवरी मार्ग (पहले अल्बुकर्क रोड) पर पहुंचे. वह सीधे गांधी जी के कक्ष में चले गये. तब गांधी जी की सर्वधर्म प्रार्थना सभा का समय होने वाला था, जो शाम पांच बजे शुरू हो जाती थी. आकाशवाणी के लिए उनकी सभा की रिकॉर्डिंग करने वाले श्री केडी मदान भी पहुंच गये थे. मदान साहब बताते थे– 'गांधी जी जब बिड़ला हाउस से प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए निकले तब मेरी घड़ी के हिसाब से 5.16 मिनट का वक्त था. हालांकि ये कहा जाता है कि 5.17 बजे उन पर गोली चली. उस दिन बापू से मिलने सरदार पटेल आये थे.' खैर, ये रहस्य ही रहा कि सरदार पटेल उस दिन गांधी जी से किस विषय पर बात करने आये थे.

बहरहाल, अफसोस होता है कि आजाद भारत के इतिहास से जुड़े दो अहम स्थानों क्रमशः मेटकॉफ हाउस और 1, औरंगजेब रोड के बाहर कोई शिलापट्ट लगाने की कोई कोशिश नहीं की गयी, जिससे देश की युवा पीढ़ी को सरदार पटेल की सादगी और मेटकॉफ हाउस का महत्व पता चल पाता. सरदार पटेल की 15 दिसंबर, 1950 में मृत्यु के बाद भी किसी सरकार ने दिल्ली में उनका कोई स्मारक बनाने की चेष्टा नहीं की. यह हैरानी की बात है कि राजधानी में सरदार पटेल जैसी बुलंद शख्सियत का कोई स्मारक नहीं है. यहां पर गांधी जी, पंडित नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, बाबा साहेब अंबेडकर, बाबू जगजीवन राम आदि के स्मारक बन सकते थे, तो सरदार पटेल का स्मारक क्यों नहीं बनाया गया. यह अपने आप में सवाल है. क्या ये काम देर से ही सही, अब नहीं हो सकता?

(ये लेखक के निजी विचार हैं) **(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**



बिजनेस

# रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ बड़ौदा समेत तीन बैंकों पर सख्त कार्रवाई

**दिल्ली**




भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को विभिन्न नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन को लेकर सिटी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन ओवरसीज बैंक पर कुल 10.34 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया. रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि योजना से संबंधित मानदंडों और वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर आचार संहिता का पालन नहीं करने के लिए सिटीबैंक एनए पर सबसे अधिक पांच करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है. एक अन्य विज्ञप्ति में कहा गया है कि कर्ज को लेकर 'सेंट्रल रिपोजिटरी' के गठन और अन्य मामलों से जुड़े कुछ निर्देशों के उल्लंघन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा पर 4.34 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया. इसके अलावा, चेन्नई स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक पर कर्ज संबंधित निर्देशों के उल्लंघन के लिए एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया. रिजर्व बैंक ने तीनों मामलों के बारे में कहा कि जुर्माना नियामक अनुपालन में हुई कमियों पर आधारित है. इसका उद्देश्य बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता को प्रभावित करना नहीं है.

रिजर्व बैंक ने खराब संचालन व्यवस्था के कारण अभ्युदय सहकारी बैंक के निदेशक मंडल को हटायाभारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को खराब संचालन मानकों के कारण अभ्युदय सहकारी बैंक के निदेशक मंडल को एक साल के लिए निलंबित कर दिया. इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने सहकारी बैंक के प्रबंधन के लिए एक प्रशासक नियुक्त किया है. रिजर्व बैंक ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक सत्य प्रकाश पाठक को एक साल के लिए मुंबई स्थित बैंक का प्रशासक नियुक्त किया गया है. साथ ही प्रशासक की सहायता के लिए सलाहकारों की एक समिति भी नियुक्त की गई है. रिजर्व बैंक ने अभ्युदय सहकारी बैंक पर कोई व्यावसायिक प्रतिबंध नहीं लगाया है और बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में अपनी सामान्य बैंकिंग गतिविधियां जारी रखेगा.

रिजर्व बैंक ने चेतावनी सूची में 19 अनधिकृत विदेशी मुद्रा व्यापार मंचों को शामिल कियाभारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उसने अनधिकृत विदेशी मुद्रा व्यापार मंचों की चेतावनी सूची में 19 संस्थाओं को जोड़ा है. इनमें एफएक्स स्मार्टबुल, जस्ट मार्केट्स और गोडो एफएक्स शामिल हैं। इसके साथ ही चेतावनी सूची में शामिल संस्थाओं की संख्या बढ़कर 75 हो गई है. चेतावनी सूची में उन संस्थाओं को शामिल किया जाता है, जो विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) के तहत विदेशी मुद्रा में सौदा करने के लिए अधिकृत नहीं हैं. साथ ही, वे इलेक्ट्रॉनिक कारोबार मंच (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2018 के तहत विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक कारोबार मंच (ईटीपी) संचालित करने के लिए भी अधिकृत नहीं हैं. इस सूची में जोड़ी गई अन्य इकाइयां एडमिरल मार्केट, ब्लैकबुल, ईजी मार्केट्स, एन्क्लेव एफएक्स, फिनोविज फिनटेक, एफएक्स स्मार्टबुल, एफएक्स ट्रे मार्केट, फॉरेक्स4यू, ग्रोइंग कैपिटल सर्विसेज औरएचएफ मार्केट्स हैं. इसके अलावा, एचवाईसीएम कैपिटल मार्केट्स, जेजीसीएफएक्स, पीयू प्राइम, रियल गोल्ड कैपिटल, टीएनएफएक्स, ये मार्केट्स और गेट ट्रेड भी इस सूची में शामिल हैं. बनाने के प्रयास करना चाहिए.

# दुनिया नहीं, अंतरिक्ष में भी बढ़ रही भारत की ताकत, केंद्रीय मंत्री ने बतायी बड़ी बात



**नई दिल्ली:** भारत की अर्थव्यवस्था देश और दुनिया में ही नही, बल्कि अब अंतरिक्ष में भी बढ़ने लगी है. इस बात की जानकारी केंद्रीय मंत्री ने दी है. केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2040 तक 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है. उन्होंने साथ ही कहा कि इससे वैज्ञानिकों को भी बेहतर कामकाजी माहौल मिलेगा. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा परमाणु ऊर्जा व अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि 'एकेडी' जैसी कुछ विदेशी एजेंसियों ने अनुमान लगाया है कि यह आंकड़ा 2040 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के पार भी पहुंच सकता है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमारी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था बहुत प्रभावशाली नहीं है. अभी यह करीब 80 लाख अमेरिकी डॉलर ही है. हालांकि, हम बेहद तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं अकेले विदेशी उपग्रह प्रक्षेपण में. हमने यूरोपीय उपग्रहों के प्रक्षेपण से करीब 23 से 24 करोड़ यूरो और अमेरिकी उपग्रहों के प्रक्षेपण से करीब 17 से 18 अमेरिकी डॉलर कमाए हैं.

इसरो की 60वीं वर्षगाठ पर पहुंचे मंत्रीभारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के रॉकेट प्रक्षेपण की 60वीं वर्षगांठ समारोह का यहां शनिवार को उद्घाटन करने के बाद सिंह ने कहा कि अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना के साथ उद्योग में एक महत्वपूर्ण उपस्थिति स्थापित की जा सकती है. इस तथ्य से सहमत होते हुए कि भारत को अपने अंतरिक्ष क्षेत्र में संसाधन की कमी का सामना करना पड़ा उन्होंने कहा कि हमारे पास मौजूद वैज्ञानिक कौशल से हम इससे निपट सकते हैं. जितेंद्र सिंह ने कहा कि 2025 तक भारत एक व्यक्ति को अंतरिक्ष में भेजेगा और उसे सुरक्षित वापस लाएगा. उन्होंने कहा कि इसके दो से तीन महीने पहले हमारे पास अंतरिक्ष में जाने वाली एक महिला रोबोट होगी, जो अंतरिक्ष यात्री की सभी गतिविधियों की नकल कर सकती है.

# सोना खरीदने से पहले रहे सावधान, कर दी ऐसी गलती तो लगेगा हजारों का चूना

**नई दिल्ली**

सोना खरीदने की इच्छा हर व्यक्ति में होती है. हर कोई चाहता है कि उसे अच्छा और शुद्ध सोना खरीदना, मगर सोने की शुद्धता की पहचान करना एक मुश्किल काम है. हाल के दिनों में दिनों में कई लोग सोना निवेश के ख्वाल से भी लेते हैं. गोल्ड की लगातार बढ़ रही है. 20 नवंबर को 24 कैरेट सोने का रेट 60,888 था, जो शुक्रवार (24 नवंबर) तक बढ़कर 61,437 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है. वहीं, 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 72,561 से बढ़कर 73,046 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है. यानी एक सप्ताह में दस ग्राम सोने की कीमत 540 रुपये के आसपास बढ़ी. ऐसे में अगर, गलत सोना खरीदने से आपको हजारों का चूना लग सकता है. हालांकि, सोने की पहचान केवल एक्सपर्ट कर सकते हैं. मगर, मानकों के आधार पर आमआदमी भी खरे सोने की पहचान कर सकता है.

सोने की शुद्धता का पता कैरेट के आधार पर लगाया जा सकता है. सरकार के द्वारा सोने की शुद्धता नापने के लिए इकर हॉलमार्क शुरू किया गया है. इसमें ज्यादा कैरेट का अर्थ है, ज्यादा शुद्ध सोना. सोने को 24ड, 22ड और 18ड कैरेट में बांटा गया है. सबसे शुद्ध 24ड सोना माना जाता है. इसमें किसी तरह की कोई मिलावट नहीं होती है. 22ड सोने में दो भाग चांदी, जस्ता, निकल जैसी धातुएं होती हैं, बाकी भाग सोना होता है. ज्यादातर गहनों का निर्माण 22' गोल्ड में ही किया जाता है. वहीं, 18ड सोने में 75 फीसदी हिस्सा सोना होता है. बाकी का 25 प्रतिशत हिस्सा दूसरी धातुओं का होता है.सोने की शुद्धता की जांच करने के लिए सोने के ज्वेलरी पर कराट मान



दिखाता है, जो उसके पुरितत्व को दर्शाता है. 24 कैरट सोना पूरी तरह से शुद्ध है. कम कराट के सोने में अन्य धातुओं का मिश्रण हो सकता है. साथ ही, सोने की प्रतिस्थानकता मान दर्शक का उपयोग करके किया जा सकता है. यह उपकरण सोने के वजन और आपके द्वारा प्रदान किए गए वजन के बीच का अनुपात मापता है, जिससे आप पुरितत्व की जांच कर सकते हैं. अधिकांश देशों में, सोने की जेवलरी पर एक स्टैम्प होता है जिससे आप उसके कैरेट और पुरितत्व की जांच कर सकते हैं. इसके साथ ही, आप विशेष सोने की परीक्षण की किट खरीद सकते हैं, जिसमें रहित–सोने की पहचान के लिए विभिन्न परीक्षण उपकरण शामिल होते हैं. यदि आप सोने की शुद्धता में संदेह करते हैं, तो आप किसी स्थानीय सोने के निगम या प्रमाणित जेवलर से सलाह ले सकते हैं.

एक मानक है जिसे भारतीय मानक ब्यूरो ने सोने और चांदी के आभूषणों के लिए स्थापित किया है. यह मानक उन आभूषणों की गुणवत्ता, शुद्धता और कार्यक्षमता की गारंटी प्रदान करने के लिए है जो उन्हें पास करते हैं. जब भी आप सोने या चांदी के आभूषण खरीदते हैं और आपको उनकी गुणवत्ता और मानकों की पुष्टि करनी होती है, तो आपको उन आभूषणों पर इकर लं''१' दिखाई देता है. यह मानक आभूषणों के कई पैरामीटर्स को जांचकर प्रमाणित करता है, जैसे कि धातु की प्रतिशत परत, आभूषण का वजन, काटने की तकनीक, आदि. BIS Hallmark का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों की पहचान करने में मदद करना है और उन्हें विश्वासनीयता और सुरक्षा की भावना प्रदान करना है.

### सोने के भाव मे आयी तेजी

मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत 16 रुपये की तेजी के साथ 58,590 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 16 रुपये यानी 0.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,590 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया.

मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत 16 रुपये की तेजी के साथ 58,590 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 16 रुपये यानी 0.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,590 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया. इसमें 12,865 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से सोना वायदा कीमतों में तेजी आई. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,931.20 डॉलर प्रति औंस हो गया.

# अनलकी कहने वालों को संजू सैमसन ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली**



वर्ल्ड कप 2023 खत्म होने के बाद भारतीय चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली जा रही 5 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान किया. इसमें संजू सैमसन का नाम ना देखकर फैंस को काफी हैरानी हुई. चूंकि, इस टीम में कई ऐसे खिलाड़ियों को मौका मिला, जिन्हें लंबे वक्त टीम में शामिल किया गया है. मगर, फिर भी सूर्या को स्क्वाड में शामिल नहीं किया गया और फैंस उन्हें अनलकी बता रहे थे. यहां तक की कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी उन्हें बदकिस्मत बताया है.

केरल के स्टार क्रिकेटर रंक्ष४ रेंश्ब्ल्ल को ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली जा रही टी-20 सीरीज में नहीं चुना गया है. अब उन्होंने अपनी किस्मत को लेकर आने वाले बयानों पर पलटवार किया है. उन्होंने कहा, लोग मुझे सबसे अनलकी खिलाड़ी कहते हैं, लेकिन फिलहाल जहां तक मैं पहुंचा हूं, ये उससे कहीं ज्यादा है, जो मैंने सोचा था. विकेटकीपर ने आगे कहा, रोहित शर्मा पहले या दूसरे व्यक्ति थे, जो मेरे पास आए और बात की. उन्होंने कहा, अरे संजू, क्या हाल चाल, तुमने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन मुंबई इंडियंस के खिलाफ बहुत ज्यादा छक्के लगाए. तुम वाकई बहुत अच्छी बल्लेबाजी करते हो. मुझे उनसे बहुत सपोर्ट मिला.

आपको बता दें, टी-20 टीम में जब संजू सैमसन का नाम नहीं दिखा और फैंस ने सवाल उठाए, तो ऐसा बताया गया कि संजू के लिए टीम इंडिया के दरवाजे अभी पूरी तरह से बंद नहीं हुए हैं. मीडिया

**इस टीम में कई ऐसे खिलाड़ियों को मौका मिला, जिन्हें लंबे वक्त टीम में शामिल किया गया है. मगर, फिर भी सूर्या को स्क्वाड में शामिल नहीं किया गया और फैंस उन्हें अनलकी बता रहे थे. यहां तक की कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी उन्हें बदकिस्मत बताया है.**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजीत अगरकर ने हाल ही में मुंबई में संजू से बात की थी. हालांकि, बैठक में क्या हुआ ये पता नही चला है, लेकिन संकेत हैं कि सैमसन भारतीय चन समिति की भविष्य की योजनाओं का हिस्सा है.आईपीएल 2024 में संजू सैमसन एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करते नजर आएंगे. संजू ने अब तक भारत के लिए 13 वनडे और 24 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 390 वनडे और 374 टी-20 रन बनाए हैं.

## इन 3 बेस्ट परफॉर्मर पर लगेगी बड़ी बोली, 20 करोड़ लगाने से नहीं हिचकेंगी टीमें

**नई दिल्ली**



वर्ल्ड कप 2023 में भले ही भारतीय टीम ट्रॉफी नहीं जीत पाई, मगर पूरे टूर्नामेंट में रोहित एंड कंपनी ने अपने प्रदर्शन से फैंस का खूब दिल जीता. हालांकि, अब वर्ल्ड कप खत्म हो चुका है और सभी का ध्यान एक बार फिर इंडियन प्रीमियर लीग पर है. 19 दिसंबर को दुबई में आईपीएल 2024 के लिए होने वाले मिनी ऑक्शन में आपको कुछ ऐसे नाम दिख सकते हैं, जिन्होंने वर्ल्ड कप में कमाल का प्रदर्शन किया है, जिसके चलते ऑक्शन में फ्रेंचाइजियां उनपर बड़ी से बड़ी बोली लगाने से भी नहीं कतराएंगी.

भारत यदि वर्ल्ड कप 2023 में ट्रॉफी नहीं उठा पाया, तो उसकी सबसे बड़ी वजह ट्रेविस हेड की सेंचुरी रही.

मगर, अब टूर्नामेंट से इतर देखें, तो ट्रेविस हेड पर कई फ्रेंचाइजियों की नजरें होंगी. खबरें हैं कि हेड आईपीएल 2024 के ऑक्शन में अपना नाम 2 करोड़ की बेस प्राइज के साथ ड्राफ्ट कर सकते हैं. हालांकि, इससे पहले भी हेड ने आईपीएल 2023 के ऑक्शन में भी अपना नाम रजिस्टर कराया था, लेकिन नीलामी के दौरान वह अनसोल्ड रहे थे. आईपीएल-16 के ऑक्शन में उन्होंने अपना बेस प्राइज 2 करोड़ रखा था.

## टीम इंडिया के बाद अब आईपीएल में होगी राहुल द्रविड़ की एंट्री!

**नई दिल्ली**

आईपीएल 2024 की तैयारियां शुरू हो गई है. सभी टीमों ने ऑक्शन के लिए अपनी कमर कस ली है. वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के सपोर्ट स्टाफ में बड़ा बदलाव देखने को मिला है.

टीम के मेंटॉर रहे गौतम गंभीर ने 2024 आईपीएल से पहले अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि राहुल द्रविड़ की आईपीएल के आगामी सीजन के लिए लखनऊसुपर जांयट्स के मेंटॉर के रूप में एंट्री हो सकती है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राहुल द्रविड़ 2024 आईपीएल में लखनऊसुपर जायंट्स के मेंटॉर बन सकते हैं. वह गौतम गंभीर को रिप्लेस कर सकते हैं. गंभीर ने हाल ही में अपनी पुरानी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में वापसी की है.



बता दें कि वर्ल्ड कप 2023 के साथ ही राहुल द्रविड़ का टीम इंडिया के हेड कोच के रूप में कार्यकाल खत्म हो गया है. इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि अगर इउउक राहुल द्रविड़ के कॉन्ट्रेक्ट आगे नहीं बढ़ाती है, तो वे बतौर मेंटर लखनऊसुपर जायंट्स के साथ जुड़ सकते हैं. हालांकि अभी इस बात को लेकर किसी भी तरह की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है.

## कंगारू खिलाड़ियों की शर्मनाक हरकत

**नई दिल्ली**






नई दिल्लीः वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मुकाबला भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया (क्ठऊ५२ अवर) के बीच खेला गया. इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर छठी बार वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया. ऑस्ट्रेलिया के इस जीत के हीरो ट्रेविस हेड रहे. उन्होंने तूफानी शतक (137 रन) जड़ ऑस्ट्रेलिया को चैंपियन बनाया. वर्ल्ड कप जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई मीडिया पेज ने टीम इंडिया पर अपमानजनक पोस्ट किया है.

ऑस्ट्रेलियाई मीडिया द्वारा टीम इंडिया के खिलाड़ियों को लेकर किए गए अपमानजनक पोस्ट ने बवाल मचा दिया है. इस पोस्ट को ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने लाइक किया है. इसके अलावा स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और पूर्व खिलाड़ी एरोन फिंच ने भी लाइक किया है. कथित तौर पर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस ने भी इस पोस्ट को लाइक किया था, लेकिन वायरल होने के बाद उन्होंने इसे अनलाइक कर दिया. वह पोस्ट अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और भारतीय फैन्स को यह पसंद नहीं आ रहा है.

वर्ल्ड कप फाइनल की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 240 रनों पर ऑलआउट कर दिया. स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन विकेट चटकाए, जबकि कमिंस और हेजलवुड ने 2-2 विकेट हासिल किए.

वहीं भारत की ओर से रोहित शर्मा ने टीम को शानदार शुरुआत दी और 47 रनों की तेज पारी खेली. केएल राहुल ने 66 और विराट कोहली ने 54 रन बनाए. इसके अलावा कोई और बल्लेबाज चल नहीं सके और टीम 240 रनों पर ही सिमट गई. ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड ने शानदार शतकीय पारी खेली और टीम को जीत दिला दी.

## आईपीएल ऑक्शन से पहले इन खिलाड़ियों पर लटकी तलवार



**नई दिल्ली**: इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. कोई फ्रेंचाइजी अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर रही है, तो वहीं कोई टीम प्लेयर्स की अदला-बदली करने में लगी है. दरअसल 19 दिसंबर को आईपीएल 2024 के लिए होने वाले मिनी ऑक्शन से पहले सभी टीमों को अपने-अपने रिटेन व रिलीज प्लेयर्स की लिस्ट जारी करनी है. इससे पहले कई खिलाड़ियों पर तलवार लटकी हुई है. इसमें शार्दुल ठाकुर और सैम कर्रन समेत पांच खिलाड़ी शामिल हैं. लॉकी फर्ग्यूसन, टिम साउदी और हैरी ब्रूक को भी उनकी टीमें बाहर का रास्ता दिखा सकती हैं.

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर आईपीएल में कई बार अच्छा परफॉर्म किया है, लेकिन उनके लिए आईपीएल 2023 कुछ खास नहीं रहा था. शार्दुल 11 मैचों में सिर्फ 7 विकेट लेने में कामयाब हुए थे. ऐसे में उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स रिलीज कर सकती है. इसके अलावा केकेआर लॉकी फर्ग्यूसन को भी बाहर का रास्ता दिखा सकती है. फर्ग्यूसन ने अभी तक 38 मैच खेले हैं और 37 विहैरी ब्रूक की बात करें तो उन्होंने आईपीएल में अभी तक 11 मैच ही खेले हैं. इस दौरान 190 रन बनाए हैं. ब्रूक एक शतक जड़ चुके हैं. हालांकि फिर भी सनराजइर्स हैदराबाद उन्हें रिलीज कर सकती है. सैम कर्रन की बात करें तो वे 46 मैच खेल चुके हैं. इस दौरान 613 रन बनाए और 42 विकेट लिए. कर्रन भी रिलीज हो सकते हैं. टिम साउदी को भी रिलीज किया जा सकता है. वे 54 मैच खेल चुके हैं. इस दौरान 47 विकेट लिए हैं.

संक्षेप खबरें

## मुंबई इंडियंस में फिर होगी हार्दिक पांड्या की एंट्री!



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए तैयारियां शुरू हो गई है. इसी बीच हार्दिक पांड्या सबसे ज्यादा सुर्खियों में बने हुए हैं. दरअसल हार्दिक की घर वापसी हो सकती है. गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के साथ एक बार फिर जुड़ सकते हैं. कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि हार्दिक पांड्या एक बार फिर मुंबई इंडियंस की जर्सी में नजर आएंगे. अगर हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस का हिस्सा होते हैं तो फिर गुजरात टाइटंस के कप्तान कौन होगा सबके मन में ये सवाल है. बहरहाल, ऐसा माना जा रहा है कि गुजरात टाइटंस भारतीय के युवा ओपनर शुभमन गिल या फिर न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी सौंप सकती है.

मीडिया रिपोर्ट्स की मुताबिक शुभमन गिल गुजरात टाइटंस के नए कप्तान की रेस में सबसे आगे है. वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन की नाम की भी चर्चा हो रही है. लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि गुजरात टाइटंस केन विलियमसन के ऊपर शुभमन गिल को तवज्जो दे सकती है. साथ ही कप्तान के रेस में अफगानिस्तान के स्टार ऑलराउंडर राशिद खान का नाम भी शामिल है. दरअसल, पिछले सीजन हार्दिक पांड्या के चोटिल होने पर राशिद खान ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस की अगुवाई की थी. राशिद को कप्तानी की अच्छा खासा अनुभव भी है.शुभमन गिल का कप्तान बनना तय है?मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुजरात टाइटंस मैनेजमेंट का मानना है कि शुभमन गिल शात स्वभाव के हैं. इसके अलावा वह एक बेहतक ओपनर भी हैं. गिल के कप्तान बनने की सारी खूबियां भी हैं. इस वजह से गिल को कप्तान बनाया जा सकता है. बता दें कि हार्दिक पांड्या का मुंबई इंडियंस के साथ जुड़ना तय माना जा रहा है. आईपीएल से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच 15 करोड़ रुपए कैश पर बात बनी है. जिसके बाद हार्दिक पांड्या के बदले गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस के किसी खिलाड़ी को अपनी टीम के साथ नहीं जोड़ेगी.

## शोएब अख्तर ने सूर्यकुमार यादव पर कसा तंज, फैंस ने सोशल मीडिया पर लगा दी क्लास



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में हराया. इस मैच में सूर्यकुमार यादव ने 80 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली और जीत में अहम भूमिका निभाई. जिसके बाद सूर्या की काफी तारीफ हुई, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेटर शोएब अख्तर ने सूर्या की पारी पर चुटकी ले ली. उन्होंने रवि शास्त्री और मैथ्यू हेडन की लाइन का जिक्रकरते हुए सूर्या को ट्रोल किया. जिसके बाद सूर्या के फैंस ने शोएब अख्तर की क्लास लगा दी.

दरअसल शोएब अख्तर ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है. उन्होंने इसमें रवि शास्त्री और मैथ्यू हेडन की बात का जिक्र किया है. शोएब ने लिखा, रवि शास्त्री - जब सूर्यकुमार यादव टॉप फॉर्म में रहते हैं तो आप उन्हें कैसे रोक सकते हैं. मैथ्यू हेडन - उनको बताओ कि यह वनडे फॉर्मेट है. शोएब की इस पोस्ट पर भारतीय फैंस ने कई दिलचस्प रिएक्शन दिए और उन्हें ट्रोल किए. फैंस ने पाकिस्तान को वर्ल्ड कप 2023 में उनके प्रदर्शन की याद दिला दी. पाकिस्तान का वर्ल्ड कप 2023 में खराब प्रदर्शन रहा. उनकी टीम सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई थी. बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम लीग स्टेज के कुल 9 मुकाबलों में से सिर्फ 4 में जीत हासिल की थी और 5 में हार का सामना करना किया था. वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था.

# वीमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन की तारीख का ऐलान, जानें कहां होगी निलामी

**नई दिल्ली**



वीमेंस प्रीमियर लीग 2024 की ऑक्शन की तारीख का ऐलान कर दिया गया है. दरअसल, वीमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन का आयोजन अगले महीने 9 दिसंबर को मुंबई में आयोजित होगा. इस ऑक्शन में कई महिला क्रिकेटरों पर जमकर पैसों की बारिश हो सकती है. इस ऑक्शन के लिए सभी टीमें पूरी तरह से तैयार है. इससे पहले पिछले दिनों टीमों ने कुल 60 खिलाड़ियों को रिटेन किया था. जबकि कई बड़े खिलाड़ियों को टीमों ने रिलीज करने का फैसला किया था.

डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस ने मुंबई ने कप्तान हरमनप्रीत कौर और अमनजोत कौर को रिटेन किया है. वहीं, यूपी वॉरियर्स ने एलिसा हीली, दीप्ति शर्मा और ग्रेस हैरिस को रिटेन करने का फैसला किया. इसके अलावा बैंगलोर ने एलिस पेरी, हीथर नाइट और रेणुका सिंह को रिटेन किया. जबकि गुजरात ने एशले गार्डनर, बेथ मूनी और दयालन हेमलता को रिटेन करने का फैसला किया है.

**मुंबई इंडियंस –** रिटेन खिलाड़ीः अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हरमनप्रीत कौर, हेले मैथ्यूज, हुमैरा काज़ी, इसाबेल वोंग, जिंतिमनी कलिता, नताली साइवर, पूजा वस्त्राकर, प्रियंका बाला, सैका इशाक, यास्तिका भाटिया

**रिलीज़ खिलाड़ीः** धारा गुज्जर, हीदर ग्राहम, नीलम बिष्ट, सोनम यादव

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर –**

रिटेन खिलाड़ीः आशा शोभना, दिशा कसाट, एलिस पेरी, हीथर नाइट, इंद्राणी रॉय, कनिका आहूजा, रेणुका सिंह, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, स्मृति मंधाना, सोफी डिवाइन

**रिलीज़ खिलाड़ीः** डेन वान नीकेर्क, एरिन बर्न्स, कोमल ज़ांज़ाद, मेगन शुट्ट, पूनम खेमनार, प्रीति बोस, सहाना पवार.

**यूपी वॉरियर्स**

**रिटेन खिलाड़ीः** एलिसा हीली, अंजलि सरवानी, दीप्ति शर्मा, ग्रेस हैरिस, किरण नवगिरे, लॉरेन बेल, लक्ष्मी यादव, पार्श्वी चोपड़ा, राजेश्वरी गायकवाड़, एस. यशश्री, श्वेता सहरावत, सोफी एक्लेस्टोन, ताहलिया मैकग्राथ

**वीमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन का आयोजन अगले महीने 9 दिसंबर को मुंबई में आयोजित होगा. इस ऑक्शन में कई महिला क्रिकेटरो पर जमकर पैसो की बारिश हो सकती है. इस ऑक्शन के लिए सभी टीमे पूरी तरह से तैयार हैं. इससे पहले पिछले दिनो टीमो ने कुल 60 खिलाड़ियो को रिटेन किया था. जबकि कई बड़े खिलाड़ियो को टीमो ने रिलीज करने का फैसला किया था.**

**रिलीज़ खिलाड़ीः** देविका वैद्य, शबनीम इस्माइल, शिवली शिंदे, सिमरन शेख

**दिल्ली कैपिटल्स –**

रिटेन खिलाड़ी : एलिस कैप्सी, अरुंधति रेड्डी, जेमिमाह रोड्रिग्स, जेस जोनासेन, लौरा हैरिस, मारिजान काप्प, मेग लैनिंग, मिन्नू मणि, पूनम यादव, राधा यादव, शैफाली वर्मा, शिखा पांडे, स्नेहा दीप्ति, तान्या भाटिया, तितास साधु

**रिलीज़ खिलाड़ीः** अपर्णा मंडल, जसिया अख्तर, तारा नॉरिस

**गुजरात जायंट्स –**

रिटेन खिलाड़ीः एशले गार्डनर, बेथ मूनी, दयालन हेमलता, हरलीन देयोल, लौरा वोल्वार्डट, शबनम शकील, स्नेह राणा, तनुजा कंवेर

रिलीज़ खिलाड़ीः एनाबेल सदरलैंड, अश्वनी कुमारी, जॉर्जिया वेयरहैम, हर्ले गाला, किम गर्थ, मानसी जोशी, मोनिका पटेल, पारुनिका सिसौदिया, सब्बीनेनी मेघना, सोफिया डंकले, सुषमा वर्मा

# बॉलीवुड तड़का

## गदर-२ सक्सेज पार्टी में शामिल हुए अजय देवगन–काजोल



**नई दिल्ली:** मुंबई में एक पार्टी रखी गई. इसमें फिल्म जगत के कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुए. गदर 2 भारत में ब्लॉकबस्टर बनकर उभरी है. फिल्म की सफलता की पार्टी सितारों से सजी मुंबई में हुई क्योंकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये के आंकड़े के करीब पहुंच गई है. कलाकारों और क्रूके अलावा, शाहरुख खान और पत्नी गौरी खान, सलमान खान, संजय दत्त, आमिर खान, विक्की कौशल, शाहिद कपूर, अजय देवगन, काजोल, तब्बू, अभिषेक बच्चन, करण जौहर, वरुण धवन, कार्तिक सहित कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुए.

इस पार्टी में आर्यन, सारा अली खान, कृति सेनन, इब्राहिम अली खान, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, अनन्या पांडे, आदित्य रॉय कपूर, धर्मेंद्र, सनी के बेटे करण और राजवीर देओल, बॉबी देओल और कई अन्य लोग शामिल हुए, पार्टी की तस्वीरें सामने आई हैं. अजय देवगन–काजोल, वरुण धवन ने सनी देओल की गदर 2 की सफलता पार्टी की अंदरूनी तस्वीरें शेयर कीं. 2 सितंबर की शाम को गदर 2 की सफलता की पार्टी में शामिल हुए कई

**गदर 2 की सफलता पार्टी छोड़ने से पहले, सनी देओल ने कि वह अपने डर के को–एक्टर शाहरुख खान के साथ पापराज़ी के सामने पोज़ दिया. जैसा कि आप जानते होंगे, यह जोड़ी, जिनके बारे में अफवाह थी कि वे लंबे समय से बातचीत नही कर रहे हैं, ने अब मनमुटाव दूर कर लिया है और वापस दोस्त बन गए हैं. इंटरनेट अब सनी देओल और शाहरुख खान के वीडियो और तस्वीरो पर वायरल हो रही है.**

सितारों ने इंस्टाग्राम पर पार्टी की अंदर की तस्वीरें शेयर की है, जिससे उत्साह की झलक मिल रही है. अजय देवगन और काजोल ने अपने आउटफिट दिखाते हुए अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं, जो उनके बेटे युग देवगन ने क्लिक कीं. अजय ने काले रंग का कुर्ता पहना हुआ था जबकि उनकी पत्नी काजोल लाल ब्लाउज के साथ हरे रंग की साड़ी में बहुत खूबसूरत लग रही थीं. उन्होंने इस मौके पर सनी देओल के साथ भी तस्वीरें खिंचवाई.

इस दौरान गदर 2 की सफलता पार्टी छोड़ने से पहले, सनी देओल ने कि वह अपने डर के को–एक्टर शाहरुख खान के साथ पापराज़ी के सामने पोज़ दिया. जैसा कि आप जानते होंगे, यह जोड़ी, जिनके बारे में अफवाह थी कि वे लंबे समय से बातचीत नहीं कर रहे हैं, ने अब मनमुटाव दूर कर लिया है और वापस दोस्त बन गए हैं. इंटरनेट अब सनी देओल और शाहरुख खान के वीडियो और तस्वीरों पर वायरल हो रही है.

## फिल्म एनिमल में काम के लिए बॉबी देओल को बेलने पड़े पापड़



**नई दिल्ली:** रणबीर कपूर की एनिमल सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा का विषय बनी हुई है. संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और अन्य जैसे इनक्रेडिबल एक्टर हैं. जहां फैंस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, वहीं फैंस बॉबी देओल के किरदार को लेकर भी बहुत एक्साइटेड हैं, जिसके बारे में अभी तक ज्यादा कुछ शेयर नहीं किया गया है. फिल्म का ट्रेलर कल 23 नवंबर को नई दिल्ली में रिलीज किया गया. देओल ने अपने 'बेकारी के दिन' के दौरान फिल्म में भूमिका मिलने पर खुलकर बात की.

एनिमल ट्रेलर का भव्य लॉन्च कल नई दिल्ली में रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और अन्य सहित टीम के सभी सदस्यों की उपस्थिति में किया गया. लॉन्च के दौरान, मीडिया को संबोधित करते हुए, बॉबी देओल ने कहा कि अपने करियर की स्थिति के कारण, उन्होंने कभी भी इतनी 'महान भूमिका' पाने के बारे में नहीं सोचा था. उस समय को याद करते हुए, उन्होंने साझा किया कि उन्हें डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगासे एक मैसेज मिला था जिसमें कहा गया था कि वह उनसे मिलना चाहेंगे. इससे बॉबी को लगा कि क्या यह वास्तव में वही है या कोई उसका मज़ाक उड़ा रहा है. बॉबी ने आगे बताया कि उन्हें तब पता चला कि वह असल में संदीप ही थे.

जब संदीप रेड्डी वांगा ने सीधे बॉबी को कॉल कियाउन्होंने बताया कि मैंने कहा यारफोन लगाओ फटाफट. फोन लगाया और मैंने बोला चलो मिलते हैं. हम मिले और मुझे ये आकर एक तस्वीर दिखाते हैं. अभिनेता ने खुलासा किया कि निर्देशक ने उन्हें एक तस्वीर दिखाई और कहा मैं आपको इसके लिए लेना चाहता हूं क्योंकि आपकी ये जो फोटोग्राफ है, इसमें जो आपकी छवि है, वो मुझे चाहिए. मैंने कहा चलो बेकरारी के दिनों में काम आ गए.

## रणबीर कपूर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार



अर्जुन रेड्डी और कबीर सिंह फेम संदीप रेड्डी वांगा की अगली फिल्म में अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना भी हैं. फिल्म एक पिता और बेटे के रिश्ते के इर्द–गिर्द घूमती है.

एनिमल के सबसे अवेटेड ट्रेलर के लॉन्च के कुछ ही मिनटों बाद, कई नेटिज़न्स ने ट्विटर पर अपनी फीडबैक शेयर की. एक सोशल मीडिया यूजर ने डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा और एक्टर रणबीर कपूर की सराहना करते हुए कहा, बिल्कुल हिलेरियस है.

एक एक्स यूजर ने लिखा, रणबीर के लिए सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर लोडिंग. एनिमल ट्रेलर में रणबीर कपूर को अभिनय करते देखकर रोंगटे खड़े हो गए. इसी तरह का कमेंट दोहराते हुए, एक अन्य ने कहा, अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हो रहा है, जो मैंने अभी देखा. जानवरों का ट्रेलर रोंगटे खड़े कर देने वाले क्षणों से भरा है. रणबीर कपूर अपने करियर का बेस्ट परफॉर्मेंस देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और रश्मिका एक मजबूत प्रभाव छोड़ती है.

### फिल्म का ट्रेलर गुरुवार को लॉन्च किया गया

अनिल कपूर, हम आपकी प्रतिभा को देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते और बॉबी देओल, आप पर मेरा दिल है. यह फिल्म बॉलीवुड में एक नया स्टैंडर्ड सेट कर सकता है. संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म का ट्रेलर गुरुवार को लॉन्च किया गया. जिसे देखकर पता चलता है कि रणबीर और अनिल कपूर द्वारा पिता–पुत्र के रिश्ते का दिलचस्प है, जो तुरंत ऑडियंस का ध्यान खींचता है और प्रत्येक सीन के साथ इंटेंसिटी को बढ़ती है.

**फिल्म एनिमल के बारे में सब कुछ:** अर्जुन रेड्डी और कबीर सिंह फेम संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म में अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना भी हैं. फिल्म एक पिता और पुत्र और उनके परेशान रिश्ते के इर्द–गिर्द घूमती है. यह अंडरवर्ल्ड में एक्सेस ब्लडशेड बैकग्राउंड पर आधारित है. कुमार और कृष्ण कुमार की टी–सीरीज़, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित, एनिमल 1 दिसंबर को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होगी.



## अमिताभ ने अपनी बेटी श्वेता को गिफ्ट किया इतना महंगा बंगला

**मुंबई।** श्वेता बच्चन नंदा अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की बेटी हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमिताभ बच्चन ने अपना मुंबई वाला बंगला प्रतीक्षा अपनी बेटी को गिफ्ट कर दिया है. बंगले की कीमत 50 करोड़ रुपये है. अमिताभ बच्चन ने बेटी श्वेता को मुंबई का बंगला प्रतीक्षा गिफ्ट किया है. सुपरस्टार अमिताभ बच्चन और पत्नी जया बच्चन ने कथित तौर पर अपना मुंबई बंगला प्रतीक्षा अपनी प्यारी बेटी श्वेता बच्चन नंदा को उपहार में दिया है. जानकारी के अनुसार, बच्चन परिवार ने 50.65 लाख रुपये का कंबाइंड स्टाम्प ड्यूटी खर्च किया. बंगले का इंडिकेट मार्केट वैल्यू 50.63 करोड़ है. संपत्ति 16,840 वर्ग फुट के एरिया में फैली हुई है और ऑफिशियल डॉक्यूमेंटेशन 8 नवंबर, 2023 को किया गया था. करंट हाउसिंग रूल्स की गाइडलाइंस के मुताबिक, आवासीय संपत्तियों को मालिकों से उनके सही कानूनी उत्तराधिकारियों को हस्तांतरित करने के लिए प्रति कार्य 1% मेट्रो उपकर के साथ–साथ 200 रुपये की मामूली स्टांप ड्यूटी की जरुरत होती है.

## जेल में संजय दत्त को नही मिला खास ट्रीटमेंट, जेल अधिकारी ने किया खुलासा!

**नई दिल्ली:** बॉलीवुड स्टार संजय दत्त ने इंडस्ट्री को कई नयाब फिल्मों से नवाजा है, एक्टर की लाइफ भी किसी फिल्म से कम नहीं है. हाल ही में उन्हें शाहरुख खान की फिल्म जवान में कैमियो रोल में देखा गया. एक्टर की प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ में कई उतार–चढ़ाव भी देखे हैं. मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस. अभिनेता को उस समय कठिन दौर से गुजरना पड़ा जब उन्हें जेल में समय बिताना पड़ा. एक पूर्व आईपीएस अधिकारी ने अभिनेता के सलाखों के पीछे बिताए समय के बारे में खुलासा किया है.

जब संजय दत्त को दोषी ठहराया गया तब पूर्व आईपीएस अधिकारी मीरान चड्ढा बोरवंकर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जेल थे. साइरस ब्रोचा के पॉडकास्ट पर अपनी हालिया उपस्थिति में, उन्होंने उन दावों का खंडन किया कि अभिनेता को जेल में विशेष उपचार मिला था. उन्होंने यह भी कहा कि जेल में दत्त के साथ अच्छा व्यवहार किया गया. उन्होंने बताया, और वह आम तौर पर अच्छा था क्योंकि उसकी पैरोल और फर्ला जेल में उसके व्यवहार पर निर्भर थी.

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

**संपादक : अनुज कुमार**
TitleCode: UPHIN51223
**मोबाइल नंबर**
**9456884327**
**Officialsabkasapna@gmail.com**
**www.sabkasapna.com**
**नोट–** समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

## बिन मां बाप की बेटी राखी सावंत हैं करोड़ों की मालकिन, कभी गरीबी में गुजरा बचपन

**नई दिल्ली:** बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं. इन दिनों वह अपने दूसरे पूर्व पति आदिल दुरानी की वजह से खबरों में हैं. भले ही राखी इन फिल्मों में काम नहीं कर रही हैं, लेकिन फिर भी वह करोड़ों की मालकिन हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, राखी सावंत के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है. इस आर्टिकल में हम जानेंगे कि राखी ऐसा क्या काम करती हैं, जिसकी वजह से उनकी कुल संपत्ति करोड़ों में है.

राखी सावंत ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत आइटम डांसर के तौर पर की थी. इसके अलावा राखी ने कई टीवी शो और रियलिटी शो भी किये. फिल्म इंडस्ट्री में राखी सावंत का नाम आज भी डांस स्टार्स की लिस्ट में शामिल है. साल 2004 में राखी सावंत ने बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख कान के साथ भी स्क्रिन शेयर किया है. राखी सावंत अक्सर बिग बॉस के सीजन में तड़का लगाती नजर आती हैं. हर बार की तरह इस बार भी राखी बिग बॉस शो में जाने के लिए काफी एक्साइटेड थे, हालांकि इस बार 'बिग बॉस' का हिस्सा नहीं बन पाई. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राखी सावंत करीब 37 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं.

**राखी सावंत करीब 37 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं . राखी अपनी ड्रामा क्वीन इमेज के साथ–साथ सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं . रिपोर्ट्स के मुताबिक, राखी सावंत के पास मुंबई में ही कई फ्लैट हैं . जिसमें अंधेरी और जुहू जैसी जगहों पर उनके 2 आलीशान घर हैं . उनके एक घर की कीमत 11 करोड़ रुपये है . इसके अलावा राखी सावंत के पास कई लग्जरी कारें भी हैं .**

राखी अपनी ड्रामा क्वीन इमेज के साथ–साथ सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, राखी सावंत के पास मुंबई में ही कई फ्लैट हैं. जिसमें अंधेरी और जुहू जैसी जगहों पर उनके 2 आलीशान घर हैं.

उनके एक घर की कीमत 11 करोड़ रुपये है. इसके अलावा राखी सावंत के पास कई लग्जरी कारें भी हैं. जिनमें फोर्ड की एंडेवर और फॉक्सवैगन की पोलो कार भी शामिल है. वहीं राखी सावंत अपनी लाइफस्टाइल किसी टॉप एक्ट्रेस से कम नहीं रखती.

राखी सावंत की दुनिया विवादों से भरा हुआ है. राखी ने स्कूल के बाद से एक्टिंग करना शुरू कर दिया था. लाइमलाइट और चर्चाओ के अलावा राखी सावंत ने राजनीति की दुनिया में कदम रखा था. बात साल 2014 की जब राखी सावंत ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना नाम शामिल किया. हालांकि चुनाव जीतना तो दूर उनकी जमानत जब्त हो गई. लेकिन उन्होंने सुर्खियां खूब बटोरी. राखी ने खुद की पार्टी बनाई, जिसका नाम राष्ट्रीय आम पार्टी रखा और चुनावी चिन्ह हरी मिर्च चुना.

